* वर्ष 40 * अंक 101 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर शनिवार दिनांक 11 जनवरी 2025

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

## महाकुंभ : संगम की रेती पर धर्म, अध्यात्म और भक्ति का संगम



**महाकुंभ नगर (एजेंसी)।** प्रयागराज महाकुंभ में संगम की पवित्र रेती पर धर्म, अध्यात्म और भक्ति का त्रिवेणी संगम देखने को मिल रहा है। विभिन्न अखाड़ों की पेशवाई निकल रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को ज्योतिष्पीठ बद्रीकेश्वर के शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती का भव्य आगमन हुआ। कुम्भ प्रवेश यात्रा को देखने के शहर से लेकर कुम्भ क्षेत्र तक श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ पड़ी । आगे आगे धर्म ध्वज एवं गुरु चरण पादुका भगवान् की पालकी और पीछे पीछे अखाड़े के महंतो और साधुओं का जुलूस किसी दिव्य अनुभव से कम नहीं था। शंकराचार्य की पेशवाई में विशेष आकर्षण का केंद्र विंटेज कार रही, जिसमें महामंडलेश्वर संत विराजमान थे। नगर भ्रमण के दौरान भक्तों की भारी भीड़ ने संतों के दर्शन किए और सेल्फी लेने के लिए उमड़ पड़ी। कुंभ क्षेत्र में अब शैव और वैष्णव अखाड़ों के साथ उदासीन संप्रदाय के अखाड़ों की भी मौजूदगी दर्ज हो गई है। जहां एक ओर 'हर-हर महादेव' और 'जय श्री राम' के उद्घोष गूंज रहे हैं, वहीं अब 'जय श्री चंद्र' की ध्वनि भी सुनाई दे रही है। शंकराचार्य की शाही सवारी सूर्यास्त की बेला में छावनी में प्रवेश कर गई, जहां अखाड़े के संत-महंत उनके स्वागत में उपस्थित थे।

जूना अखाड़े का बड़ा फैसला

## 13 साल की बच्ची को साध्वी बनाने वाले संत को किया निष्कासित



**महाकुम्भ नगर, (प्रयागराज) (एजेंसी)।** 13 जनवरी से शुरू होने वाले महाकुंभ से पहले जूना अखाड़े ने बड़ा फैसला सुनाया है। कुछ दिन पहले जूना अखाड़े में शामिल हुई 13 साल की साध्वी गौरी गिरि और उसके गुरु कौशल गिरि को जूना अखाड़े से निष्कासित कर दिया गया है। नाबालिग लड़की को अखाड़े में नियम तोड़कर शामिल करने का मामला सामने आने के बाद अखाड़े की आमसभा की हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। नाबालिग साध्वी को तत्काल उसके माता-पिता को सौंपकर गुरु के साथ महाकुम्भ मेला से बाहर जाने के लिए कहा गया है। बैठक में यह प्रस्ताव भी पास किया गया कि अब 22 वर्ष से कम आयु होने पर ही महिला को संन्यास दीक्षा दी जाएगी। जूना अखाड़े के संत कौशल गिरि ने पिछले दिनों आगरा के पेठा व्यापारी संदीप सिंह और उनकी पत्नी रीमा की मौजूदगी में उनकी बेटी राखी सिंह धाकरे को साध्वी बनाया था।

# राजस्थान में 15 जन. तक हो सकेंगे तबादले

### सरकार ने तारीख बढ़ाई, ज्यादातर विभागों में नहीं हो पाए थे ट्रांसफर

**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान में अब 15 जनवरी तक तबादले हो सकेंगे। सरकार ने तबादलों के बैन से हटाई अवधि को 5 दिन के लिए और बढ़ा दिया है। सीएम की मंजूरी के बाद तबादलों से छूट की अवधि को बढ़ाया गया है। सरकार ने 30 दिसंबर को ही 10 जनवरी तक के लिए तबादलों से बैन हटाया था। बीजेपी के कई विधायकों ने तबादलों से छूट की अवधि को आगे बढ़ाने की मांग की थी। 12 जनवरी को रोजगार उत्सव के सिलसिले में सभी मंत्री जिलों में जा रहे हैं। वहां पर बड़ी तादाद में बीजेपी कार्यकर्ता तबादलों के आवेदन मंत्रियों को देने की तैयारी में हैं। 10 दिन में ज्यादातर विभागों में तबादले नहीं हो पाए थे, इसलिए सीएम से कई नेताओं ने छूट को बढ़ाने की मांग की थी।

**सत्ताधारी विधायकों और नेताओं की सिफारिश चलेगी**

राजस्थान में बीजेपी सरकार बनने के बाद दूसरी बार तबादलों से बैन हटाया गया था। बीजेपी के विधायक और नेता लंबे समय से तबादलों से बैन हटाने की मांग कर रहे थे। मुख्यमंत्री के साथ विधायकों की फीडबैक बैठकों में भी तबादलों से जल्दी बैन हटाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई थी।

**3 लाख से ज्यादा कर्मचारी इधर-उधर होंगे**

सरकारी विभागों में मोटे अनुमान के मुताबिक करीब 3 लाख से ज्यादा कर्मचारी इधर-उधर होंगे। मेडिकल, ऊर्जा, पुलिस, पीएचईडी में सबसे ज्यादा तबादले होने के आसार हैं।



**तबादला नीति फाइनल नहीं, इसलिए शिक्षा विभाग से बैन नहीं हटा**

शिक्षा विभाग में तबादलों से बैन नहीं हटा है। शिक्षक तबादलों से बैन नहीं हटने के पीछे कई कारण बताए जा रहे हैं। शिक्षक तबादलों के लिए नई पॉलिसी का फाइनल नहीं होने को भी बैन नहीं हटने का कारण बताया जा रहा है। शिक्षक तबादलों में पहले कई विवाद हुए हैं, कई तरह के आरोप लगते रहे हैं, इसलिए विवाद टालने के लिए भी बैन बरकरार रखा गया है। बीच सत्र तबादले होने से बच्चों की पढ़ाई बाधित होने का भी खतरा था।

**ग्रेड थर्ड शिक्षकों के तबादले पिछले राज में भी नहीं हुए थे**

ग्रेड थर्ड शिक्षकों के तबादलों पर लंबे समय से पाबंदी है। पिछली कांग्रेस सरकार के वक्त भी ग्रेड थर्ड शिक्षकों के तबादले नहीं हुए थे। शिक्षक संगठन तबादलों से बैन हटाने की लंबे समय से मांग कर रहे हैं।

## बीएसएफ ने अमृतसर सीमा पर मार गिराया पाक घुसपैठिया

**जालंधर (एजेंसी)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने गुरुवार रात को अमृतसर सीमा पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार रात को ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के सतर्क जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिये की संदिग्ध हरकत देखी, जो चुपके से अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पार कर गया था और कोहरे की आड़ में अमृतसर जिले के कोटरजादा गांव के पास सीमा क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बाड़ के पास जाने का प्रयास कर रहा था। उन्होंने बताया कि चौकस बीएसएफ जवानों ने तुरंत घुसपैठिए को चुनौती दी, लेकिन उसने उनकी चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया और सीमा बाड़ की ओर बढ़ना जारी रखा। बार-बार चेतावनी के बावजूद, घुसपैठिया अपने रास्ते पर आगे बढ़ता रहा। जान और सुरक्षा के लिए संभावित खतरे को भांपते हुये, ड्यूटी पर तैनात जवानों को मजबूरन गोलीबारी करनी पड़ी और घुसपैठिये को मौके पर ही मार गिराया गया। इलाके की तलाशी के दौरान घुसपैठिये के शव के पास से 400 रुपये की पाकिस्तानी करेंसी, एक माचिस, एक तंबाकू का पैकेट और एक छोटा बैग बरामद हुआ। मृतक घुसपैठिये के शव को आगे की जांच और आवश्यक कार्रवाई के लिये पुलिस स्टेशन रामदास को सौंप दिया गया है।



## बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ के जवानों पर टूट पड़े तस्कर, भालों से किया हमला



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर गुरुवार रात बांग्लादेश के मवेशी तस्करों ने सीमा सुरक्षा बल (ক্লম্প) के जवानों पर हमला किया। अर्द्धसैनिक बल की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। जवानों ने आत्मरक्षा के तौर पर जवाबी कार्रवाई करते हुए तस्करी के प्रयास को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया और 10 सांड़ बरामद किए। बीएसएफ के जवानों ने खुटादाह सीमा चौकी (बीओपी) पर तस्करों को मवेशियों के साथ भारतीय सीमा की बाड़ के पास आते देखा। इस दौरान वह तस्कर बांग्लादेश की ओर से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करके भारत में घुस आए। जवानों द्वारा उन्हें रुकने के लिए जो चेतावनी दी गयी, तस्करों ने उसे नजरअंदाज कर दिया। वह आक्रामक तरीके से आगे बढ़े और धारदार भालों का इस्तेमाल करते हुए उन्होंने सीमा की बाड़ को काटने की कोशिश की। इसके जवाब में बीएसएफ के एक जवान ने चेतावनी के तौर पर एक खाली गोली चलाई। बीएसएफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की ओर से जारी बयान में कहा गया है, 'अंधेरे और उबड़-खाबड़ इलाके का फायदा उठाकर तस्कर बांग्लादेश भाग गए।


# ट्रम्प सजा पाने वाले अमेरिकी इतिहास के पहले राष्ट्रपति

### न्यूयॉर्क कोर्ट ने पोर्न स्टार केस में जेल न भेजकर बेशर्त रिहाई दी, कहा-आपको पछतावा नहीं

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी इतिहास में सजा पाने वाले पहले राष्ट्रपति बन गए हैं। उन्हें आज यानी शुक्रवार को पोर्न स्टार को पैसे देकर चुप कराने के मामले से जुड़े 34 आरोपों में सजा सुनाई गई। फिलहाल, न्यूयॉर्क की मैनहट्टन कोर्ट ने ट्रम्प को जेल न भेजकर बिना किसी शर्त बरी कर दिया है।

ट्रम्प वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट रूम में 4 बड़ी स्क्रीन लगाई गई, ट्रम्प सजा सुनाए जाने के दौरान इन पर नजर आए। फैसला सुनाते हुए जस्टिस जुआन मर्चेन ने कहा, मैं आपके दूसरे कार्यकाल में सफलता की कामना करता हूं।

ट्रम्प को मिली ये सजा सिर्फ सांकेतिक है। इसका मतलब ये है कि उन्हें न तो जेल होगी और न ही उन्हें कोई



जुर्माना भरना पड़ेगा। हालांकि वे एक अपराधी साबित हो चुके शख्स के तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति की शपथ लेंगे जिससे उनकी छवि को नुकसान पहुंचेगा।

जस्टिस मर्चेन ने कहा, इस देश के सर्वोच्च पद (राष्ट्रपति) की शक्तियों में दखलंदाजी किए बगैर ट्रम्प को बिना शर्त छोड़ना ही सही सजा होगी। ट्रम्प ये सुनकर चुप रहे और उनकी स्क्रीन एकदम से बंद हो गई।

ट्रम्प को उनके शपथ ग्रहण से ठीक 10 दिन पहले सजा सुनाई गई। उन्हें ये सजा पिछले साल जुलाई में ही सुनाई जानी थी, जिसका खामियाजा उन्हें चुनाव में भुगतना पड़ता। इसके चलते वे बार-बार सजा को टलवाते रहे।

ट्रम्प ने 6 नवंबर को हुए अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव में जीत हासिल की थी और वे 20 जनवरी को शपथ लेने वाले हैं। ट्रम्प ने सजा से बचने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। हालांकि कोर्ट ने गुरुवार को उनकी अर्जी खारिज कर दी थी।

## राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड एआई की मदद से डमी कैंडिडेट पकड़ेगा, किया ये बदलाव

**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने डमी कैंडिडेट को रोकने के लिए डीटेल्ड फ्रिस्किंग, बायोमेट्रिक और सीसीटीवी लाइव कवरेज शुरू किया है। शुक्रवार को जूनियर इंस्ट्रक्टर (कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट) भर्ती परीक्षा को और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से परीक्षा कक्ष का भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से मॉनिटरिंग की जा रही है। खुद बोर्ड के अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज ने कुछ परीक्षा केंद्रों का दौरा करते हुए तकनीक के माध्यम से डमी कैंडिडेट्स को रोकने की व्यवस्था के बारे में अभ्यर्थियों को भी जानकारी दी। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से कनिष्ठ अनुदेशक कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट के 217 पदों पर शुक्रवार को भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। इनमें 181 गैर अनुसूचित क्षेत्र के और 36 अनुसूचित क्षेत्र के पद शामिल हैं। बोर्ड की ओर से पहली बार भर्ती परीक्षा में डमी कैंडिडेट को रोकने के लिए हाई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जा रहा है। बता दें कि कनिष्ठ अनुदेशक के विभिन्न पदों पर कुल 1821 भर्ती की जा रही है। शुक्रवार को हुई भर्ती परीक्षा ऑफलाइन ओएमआर बेस मॉडल पर आयोजित की जा रहा है। इससे पहले जूनियर इंस्ट्रक्टर के विभिन्न पदों पर सीबीटी कम ओएमआर मोड पर भी भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया था।


## संभल में मस्जिद विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश, कुआं खोलने पर फिलहाल रोक

**संभल (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार और संभल जिला प्रशासन को शाही जामा मस्जिद के विवादित कुएं को लेकर कोई भी कदम उठाने से रोक दिया। इस कुएं का आधा हिस्सा मस्जिद के अंदर और आधा हिस्सा मस्जिद के बाहर है। कोर्ट ने इस मामले में साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की जरूरत की बात कही है। आपको बता दें कि इसी इलाके में मस्जिद के स्थान पर एक हिंदू मंदिर होने का दावा किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट की जिस बेंच




ने इस मामले पर रोक लगाई है उसमें चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (ষ্ট্ব্ৰু) संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार शामिल थे। पीठ ने आदेश दिया कि संभल नगर पालिका परिषद द्वारा दिसंबर 2024 में जारी किए गए नोटिस पर कार्रवाई नहीं की जाएगी। नोटिस में कुएं की सफाई, संपत्ति की जांच और मस्जिद के बाहरी हिस्से को सार्वजनिक उपयोग के लिए खोलने की बात की गई थी। कोर्ट ने इस मामले पर कड़ी निगरानी रखने की बात कही है। आपको बता दें कि इस मामले में अब 21 फरवरी को सुनवाई होगी। कोर्ट ने जिला प्रशासन को दो सप्ताह के भीतर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस मामले में शाही जामा मस्जिद के प्रबंधन समिति द्वारा एक याचिका दाखिल की गई थी। उनके द्वारा निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें मस्जिद का सर्वे करने का आदेश दिया गया था। मस्जिद के प्रबंधन का आरोप था कि सर्वे बिना किसी सूचना के किया गया और यह कार्रवाई अवैध तरीके से और जल्दबाजी में की गई थी। इस सर्वे के बाद 24 नवंबर 2024 को संभल में हिंसक झड़पें हुई थीं, जिसमें चार लोग मारे गए थे और कई लोग घायल हो गए थे।

## कांग्रेस बताए इंडिया ब्लॉक वजूद में है या नहीं, हम अपने रास्ते चुन लेंगे : राउत



**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने शुक्रवार को कहा, मैं उमर अब्दुल्ला से सहमत हूं। यदि इंडिया ब्लॉक के सहयोगियों को लग रहा है कि अब इसका कोई वजूद नहीं है तो इसके लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर गठबंधन सिर्फ लोकसभा के लिए था और अब इसका वजूद नहीं है तो कांग्रेस इसकी घोषणा कर दे, हम अपने-अपने रास्ते चुन लेंगे, लेकिन मैं बता दूं कि अगर एक बार इंडिया ब्लॉक टूट गया तो दोबारा नहीं बन पाएगा, इसलिए पहले ये सोच लें कि आगे क्या होगा। राउत जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के बयान पर बात कर रहे थे। उमर ने गुरुवार को कहा था कि लोकसभा चुनाव के बाद इसकी कोई बैठक नहीं हुई। यह गठबंधन लोकसभा चुनाव तक ही था तो इसे खत्म कर देना चाहिए। इसके पास न कोई एजेंडा है और न ही कोई लीडरशिप।

**सहयोगियों को शंका कि गठबंधन में सब ठीक है या नहीं**

हमने लोकसभा चुनाव एक साथ लड़े और अच्छे नतीजे मिले। आगे की योजना के लिए कांग्रेस को इंडिया ब्लॉक की बैठक करनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इससे सहयोगियों के मन में शंका है कि इंडिया ब्लॉक में सब कुछ ठीक है या नहीं।

**इंडिया ब्लॉक की तरह एमवीए में भी कोई तालमेल नहीं**

हमें पिछली गलतियों को सुधारने की जरूरत है। पिछले महाराष्ट्र चुनाव में कांग्रेस की स्टेट यूनिट सीटों के लिए सौदेबाजी कर रही थी, तब भी कांग्रेस आलाकमान ने दखल नहीं दिया। कई विधानसभा सीटें ऐसी थीं जहां एनसीपी (एसपी) और शिवसेना (यूबीटी) के पास अच्छे उम्मीदवार थे, लेकिन कांग्रेस ने उन पर दावा नहीं छोड़ा। इंडिया गठबंधन की तरह महाराष्ट्र में भी एमवीए के बीच कोई तालमेल नहीं था।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ : तीन दिवसीय उत्सव आज से शुरू

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ मनाने को तैयार है। 11 से 13 जनवरी तक उत्सव होंगे। इन 3 दिनों में वीआईपी दर्शन नहीं होंगे। मंदिर ट्रस्ट ने अंगद टीला पर जर्मन हैंगर टेंट लगवाए हैं। 5 हजार मेहमानों की मेजबानी होगी, इनमें 110 वीआईपी गेस्ट होंगे। ट्रस्ट के मुताबिक, 5 लाख लोगों के आने का अनुमान है। आयोजन की व्यवस्थाओं को देख रहे रामलला ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा- प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी को दर्शन-पूजन के लिए 2 लाख लोग पहुंचेंगे। योगी आदित्यनाथ खुद रामलला का अभिषेक करेंगे। इसके बाद महाआरती में शामिल होंगे। उन्होंने कहा, आम लोग भी भव्य कार्यक्रमों को देख सकेंगे। तीनों दिन अंगद टीला पर रामचरितमानस का पाठ, रामायण प्रवचन, श्रीराम जन्म कथा और सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी। रामलला के दर्शनार्थियों के लिए महाप्रसादम का वितरण भी किया जाएगा। इसी कड़ी में श्रीराम राग सेवा और बधाई गान के भी कार्यक्रम होंगे। प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ समारोह के मौके पर तीनों दिन रामलला के सभी आरती पास और विशिष्ट दर्शन पास निरस्त रहेंगे। आरती के समय भी श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। ऐसे में दर्शन अवधि में करीब डेढ़ घंटे की वृद्धि हो जाएगी। एक साल पहले 22 जनवरी 2024 को नवनिर्मित राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला के नए विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। इस बार प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ का उत्सव 22 जनवरी को नहीं, बल्कि 11 जनवरी को मनाया जा रहा है। दरअसल, पंचाग के मुताबिक, बीते साल 22 जनवरी 2024 को पौष शुक्ल द्वादशी की वो अनुपम तिथि थी, जब मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हुई थी।



## बीकानेर में कैमल फेस्टिवल का आगाज, बना पगड़ी बांधने का वर्ल्ड रिकॉर्ड

**बीकानेर (पुकार)।** राजस्थान के बीकानेर में अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव पूरी दुनिया में अपनी पहचान रखता है। अंतर्राष्ट्रीय उत्सव के पहले दिन बीकानेर के एक युवा ने अब तक की सबसे लंबी पगड़ी बांधकर विश्व रिकॉर्ड कायम किया। 2025 फीट की पगड़ी पूर्व में भी कई रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके बीकानेर के युवा पवन व्यास ने शहर की लक्ष्मीनाथ मंदिर में 2025 फीट लंबी पगड़ी बांधकर रिकॉर्ड कायम किया। पवन ने यह कारनामा महज 22 मिनट और 38 सेकंड में कर दिखाया। इस दौरान पगड़ी बांधने को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग भी वहां मौजूद रहे। करीब 5 साल पहले 1475 फीट की पगड़ी बांधने का रिकॉर्ड बना चुके पवन ने कहा कि इस बार पगड़ी बांधने का रिकॉर्ड नया बनाना था और साल 2025 के मुताबिक 2025 फीट की पगड़ी बांधने का दिमाग में आइडिया आया और नया करने की सोच के चलते इस काम को ऊंट उत्सव के पहले दिन अंजाम दिया



# चीन के बांध ने बदल दी पृथ्वी की रफ्तार, अब ब्रह्मपुत्र पर 'प्रलय का सामान' तैयार करेगा ड्रैगन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने का प्लान कर रहा है। जानकारों का कहना है कि यह बांध तीव्र भूकंप संभावित क्षेत्र में बनने जा रहा है जो कि प्रलय का सामान है। पूर्वोत्तर भारत और बांग्लादेश भी इस बांध से प्रभावित होगा। वहीं चीन सफाई दे रहा है कि इससे भारत और बांग्लादेश पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ने जा रहा है। हाल ही में तिब्बत में तेज भूकंप आया जिससे भारी तबाही हुई। इसके बाद लोग इस बांध को लेकर काफी चिंतित हैं। इसी बीच नासा ने एक रिपोर्ट में दावा किया है कि चीन में मौजूद अब तक के सबसे बड़े बांध 'थ्री गार्जेस डैम' से पृथ्वी की घूमने की गति प्रभावित हो गई है।

टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि नासा ने दावा किया है, बांध की वजह से धरती की घूमने की रफ्तार 0.06 माइक्रोसेकंड कम हो गई। नासा का कहना है कि एक डैम की वजह से धरती की घूर्णन गति में आया यह बदलाव भले ही मामूली लगता हो लेकिन यह चिंता का कारण बन सकता है। इंसान की किसी गतिविधि की वजह से अगर प्रकृति में इतना बड़ा बदलाव आ रहा है तो यह प्रलय का संकेत भी हो सकता है। धरती की घूमने की गति से ना केवल ग्रहीय बल्कि अंतरग्रहीय गतिविधियां भी जुड़ी हो सकती हैं।



नासा का कहना है कि जब डैम में बड़ी मात्रा में जल संग्रहित हो जाता है तो धरती पर भार का वितरण बदल जाता है। ऐसे में जड़त्व आघूर्ण पैदा होता है जो कि घूर्णन गति को कम करने का काम करता है। नासा का कहना है कि अगर भार ध्रुवों की ओर खिसक जाए तो घूर्णन गति बढ़ जाएगी। वहीं जब यह भूमध्य रेखा की ओर होता है तो रफ्तार कम हो जाती है। बता दें की चीन का गार्जेस डैम यांग्त्जी नदी पर बना है। यह डैम 607 मीटर ऊंचा है और 2 किलोमीटर लंबा है। इससे चीन बड़ी मात्रा में बिजली पैदा करता है।

अब चीन तिब्बत में गार्जेस डैम से भी बड़ा डैम बनाने में लगा हुआ है। हिमालयी इलाकों में स्थित डैम पहले से ही बड़ी चुनौती बने हुए हैं। हिमालय के क्षेत्र में भूकंप लगातार बढ़ रहे हैं। चीन का नया डैम थ्री गार्जेस डैम से तीन गुना बड़ा होगा। इससे 34 गीगावाट बिजली बनाने की तैयारी है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक चीन के ही एक जानकार फैन जियाओ का कहना है कि तगड़े भूकंप से यह बांध क्षतिग्रस्त भी हो सकता है। चीन का कहना है कि यह डैम कार्बन एमिशन को कम करने में बड़ा सहयोग करेगा। जानकारों का कहना है कि अगर भूकंप की वजह से डैम डैमेज होता है तो यह पूर्वोत्तर के कई राज्यों को डुबो सकता है। ऐसे में पर्यावरण से जुड़े जानकार इसे जल प्रलय का आमंत्रण मान रहे हैं।

## अहमदाबाद में 8 साल की बच्ची को स्कूल में हुआ कार्डिएक अरेस्ट, मौत

**अहमदाबाद (पुकार)।** अहमदाबाद के निजी स्कूल में शुक्रवार को 8 साल की बच्ची की कार्डिएक अरेस्ट से मौत हो गई। गार्गी राणपरा सुबह की पारी में करीब 8 बजे स्कूल पहुंची थी। सीढ़ियां चढ़ते वक्त उसके सीने में अचानक दर्द उठा। दर्द के बाद बच्ची लॉबी की बेंच पर बैठ गई और कुछ ही सेकेंड्स में जमीन पर गिर गई। थलतेज इलाके के स्कूल स्टाफ ने बच्ची को हॉस्पिटल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक जांच में बच्ची की मौत का कारण कार्डिएक अरेस्ट बताया गया है। स्कूल की प्रिंसिपल शर्मिष्ठा सिन्हा ने बताया कि स्टाफ ने 108 एम्बुलेंस पर कॉल किया, लेकिन एम्बुलेंस के स्कूल तक आने में देरी हो रही थी। इसके चलते गार्गी को स्टाफ कार से जायडस अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। गार्गी के माता-पिता मुंबई में रहते हैं। वह अहमदाबाद में दादा-दादी के पास ही रहती थी। घटना के बाद पुलिस ने स्कूल पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज की जांच की। क्राइम ब्रांच की टीम ने भी स्कूल की जांच की है। गार्गी पूरी तरह स्वस्थ थी। जायडस हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने कार्डिएक अरेस्ट की आशंका जताई है।



# स्वामी भक्ति और देश भक्ति की मिसाल चेतक की कहानी सुन बच्चों में जागी स्वाभिमान की भावना

## आज देश के ख्यातनाम देवदत्त पटनायक सत्री सावित्री पर अपनी कहानी की देगें प्रस्तुति



**उदयपुर (पुकार)।** मां माय एंकर फाउण्डेशन द्वारा स्थापित उदयपुर टेल्स की ओर से शिल्पग्राम रोड़ स्थित दर्पण सभागार के सामनें पार्क एक्सजोटिका रिसोर्ट में चल रहे तीन दिवसीय स्टोरीटेलिंग फेस्टिवल के प्रथम दिन शुक्रवार को विविध प्रकार की मौखिक कहानियों का संग्रह प्रस्तुत किया गया।

पहले दिन के पहले सत्र की शुरूआत प्रसिद्ध रंगकर्मी एवं कहानीकार विलास जानवे द्वारा महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक की कहानी प्रस्तुत की गई। उन्होंने महाराणा प्रताप की देशभक्ति एवं उनके चेतक घोड़े की स्वामी भक्ति के बारे में बच्चों को एक अलग ही अंदाज में समझाया तो बच्चे देशभक्ति के रंग में रम गए और तालिया की गड़गड़ाहट से सारा पंडाल गूंजा दिया। जानवे ने बच्चों को देशभक्ति का पाठ पढ़ाते हुए हल्दीघाटी युद्ध में महाराणा प्रताप के चेतक घोड़े के जख्मी होने के बावजूद महाराणा प्रताप के प्रति उसकी स्वामी भक्ति को बहुत ही भावुक अंदाज में पेश किया तो बच्चों में स्वाभिमान की भावना जागृत हुई। उन्होंने कहा कि जब युद्ध के दौरान चेतक गंभीर घायल अवस्था में रक्त रंजित होने के बावजूद भी वह अपने प्राणों की चिंता नहीं करके वह अपने स्वामी महाराणा प्रताप की चिंता कर रहा था। इधर महाराणा प्रताप को अपने प्रिय चेतक के प्राणों की चिंता हो रही थी तो उधर घायल चेतक को अपने स्वामी महाराणा प्रताप को बचाने की चिंता हो रही थी। हल्दीघाटी युद्ध में महाराणा प्रताप जहां चेतक को बचना चाह रहे थे वहीं स्वामी भक्त चेतक महाराणा प्रताप को बचाना चाह रहा था। उस कालखण्ड की यह देशभक्ति एवं स्वामी भक्ति की कहानी बेमिसाल है जिसका आज भी कोई तोड़ नहीं है। सिर्फ मेवाड़ ही नहीं अपने देश और दुनिया में महाराणा प्रताप की देशभक्ति और चेतक की स्वामी भक्ति के मिसाले दी जाती है।

उनके बाद शोना मल्होत्रा ने अनलकी मैन कहानी सुना कर बच्चों को जीवन में हमेशा नकारात्मकता से दूर रहकर सकारात्मक के साथ सफल होने का मंत्र दिया। कहानीकार निशा सिंह ने सम्राट की पोशाक नामक कहानी से बच्चों को हंसाया गुदगुदाया और जीवन जीने की सीख भी दी। उन्होंने बच्चों को प्रेरणा दी कि जीवन में किसी के बहकावें में नहीं आना, अपनी बुद्धि से काम लेना चाहिये। किसी भी अनजाने की चिकनी चुपड़ी बातो मे नही आना चाहिए और हमेशा सच्चाई का साथ देना चाहिए।

सुखमनी कोहली ने फर्डिनेंड फूलचंद की कहानी सुनाकर बच्चों में आनन्द की हिलोरे पैदा कर दिये।

इस क्लाऊन शो में बच्चों ने जोकर का खूब मजा लिया। जब जोकर बच्चों के बीच गये तो बच्चे जोकर से ऐसे घुल मिल गए कि वह अलग ही दुनिया में खो गये। उन्होंने बच्चों को हंसा हंसा कर लोट पोट कर दिया। जोकर ने रोने की एक्टिंग की तो बच्चे भावुक हो गए और जोकर हंसे तो बच्चे भी खिलखिला कर हंसने लगे। सन्देश यह दिया कि जीवन में फिटनेस बहुत जरूरी है। जीवन में अगर सफल होना है तो हमेशा खुश रहो हंसते रहो और मुस्कुराते रहो। उनके पूरे शो के दौरान बच्चे भी हंसते मुस्कुराते रहे और तालिया की गडगड़ाहट के साथ पूरे पंडाल को गुजाते रहे।

दोपहर में जमघट मंच पर नया सवेरा बैण्ड ने पूरे माहौल कोई बदल दिया। स्कूली बच्चों के साथ वहां उपस्थित सभी महिला पुरुष नया सवेरा बैंड के साथ ऐसे जुड़े जैसे वह जमगट से हिलना ही नहीं चाह रहे थे। उसके बाद एक से बढ़ कर एक प्रोग्राम हुए जिनमें अननोन पार्टनर्स अननोन स्टोरी और स्टोरी टेलिंग कंपटीशन हुए। स्कूल स्टोरी टेलिंग के बाद सभी को अवार्ड प्रदान किए गए। अंत में फोक म्यूजिक का आयोजन हुआ।

फेस्टिवल के दूसरे दिन कल देश के ख्यातनाम आध्यात्म से जुड़े देवदत्त पटनायक 11 जनवरी को सती सावित्री नामक कहानी की प्रस्तुति देंगे।

फाउण्डेशन की सह संस्थापिका सुश्री सुष्मिता सिंघा ने बताया कि दूसरे दिन की शुरूआत बच्चों के लिये प्रातः 10 बजे से स्टोरी टेलर जूलियाना मरिन की द ट्रेवलिंग स्टोरी से होगी। शिल्पा मेहता ए क्लेवर टेलर एण्ड वाट्स इन द नेम नामक कहानी पेश करेगी। फ्रांस से विदशी कहानीकार लॉरेन्स हूगूस फ्रेंच क्लासिक की प्रस्तुति देंगे। प्रथम सत्र के अंत में जूनियर मंगणियार कलाकार लोक संगीत की प्रस्तुति देंगे।

फाउण्डेशन के सह-संस्थापक सलिल भण्डारी ने बताया कि दूसरे सत्र की जमघट की शुरूआत दोपहर ढाई बजे से होगी। जिसमें पावर ऑफ ओरल स्टोरी टेलिंग ट्रेडिशन पर ग्रुप डिस्कशन होगा। इसके बाद सभी महिलाओं के लिये कहानी कहने की प्रतिस्पर्धा आयोजित की जायेगी। तीसरे सत्र कहानीगंज की शुरूआत सांय 5 बजे होगी जिसमें होनरिंग मास्टर स्टोरीटेलर्स द्वारा होनर्स अनवेल्ड किया जायेगा। विक्की आहूजा द्वारा सरदारजी पर तो प्रसिद्ध कहानीकार देवदत्त पटनायक सती सावित्री की कहानी सुनायेंगे और अंत में शिल्पा एवं आदित्य कोखाकोटा ट्रेसिंग द रूटस थ्रू फोकलोर की प्रस्तुति देंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### उप मुख्यमंत्री ने किया प्रताप गौरव केन्द्र का अवलोकन



**उदयपुर (पुकार)।** उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने ने प्रताप गौरव केन्द्र राष्ट्रीय तीर्थ के संवर्धन के प्रस्ताव मांगे हैं। यह बात उन्होंने शुक्रवार को यहां डीपीएस के मैदान में शुरू हुए आईआईएफ-2025 के अवलोकन के दौरान कही। उन्होंने वहां डोम-3 में लगी प्रताप गौरव केन्द्र की स्टाल का भी अवलोकन किया। वहां प्रताप गौरव केन्द्र के निदेशक अनुराग सक्सेना तथा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के मंत्री सीए महावीर चपलोत ने उनका स्वागत किया और उन्हें महाराणा प्रताप का बहुरंगी पोस्टर भी भेंट किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने प्रताप गौरव केन्द्र की आगे की योजनाओं पर विचार-विमर्श के लिए समय निर्धारण कर बैठक करने की बात भी कही।

### विश्व हिंदी दिवस मनाया



**उदयपुर (पुकार)।** गुरु नानक कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षा संकाय में आज विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती का दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर अनिल कोठारी ने की। विश्व हिंदी दिवस का परिचय ,कविता, कहानी, छात्राध्यापिकाओं ने प्रस्तुत की। श्रीमती रुचि पालीवाल ने हिंदी विश्व की भाषा है....पर कविता सुनाई। डॉ डिंपल कौर ने हिंद देश के निवासी.... पर अपना वक्तव्य दिया। डॉ रंजना आमेटा ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी। प्रोफेसर अनिल कोठारी सर ने हिंदी का संवाद ,संप्रेषण, एवं संगठन के बारे में बताया। और हिंदी मातृभाषा का अपना महत्व बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ हर्षलता पंण्ड्या ने किया। इस अवसर पर शिक्षा संकाय की सभी व्याख्याताएं उपस्थित रही।

### विद्यालय में बच्चों के साथ बांटी खुशियां



**उदयपुर (पुकार)।** शहीद लेफ्टिनेंट अभिनव नागोरी राजकीय प्राथमिक विद्यालय भुवाणा में भारत विकास परिषद पद्मिनी द्वारा मकर संक्रांति के पूर्व विद्यालय में बच्चों को तिल्ली के लड्डू पेन पेंसिल टॉफी सहित कई चीजें उपहार स्वरूप बांटी गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय सचिव संजीव भारद्वाज मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षा डॉ. शिल्पा पामेचा ने बताया कि विशेष रूप से भारत विकास परिषद वात्सल्य से राकेश नंदावत, गजेन्द्र सुराणा, ललित चौधरी लेकसिटी की पूर्व अध्यक्षा संगीता कोठारी उपस्थित थे। सचिव डॉ बलदीप शर्मा ने बताया कि ग्रुप अध्यक्षा डॉ. शिल्पा पामेचा के नेतृत्व में इस कैलेंडर वर्ष में कई कार्य किए जाएंगे। कोषाध्यक्ष सोनिका चोरडिया ने सभी मेहमानों का स्वागत किया। ग्रुप की सभी टीम सदस्य प्रीति लुणदिया, तारा नागर, कपिल भारद्वाज, वैशाली जैन, जया जैन, संगीता कोठारी ,प्रमिला पोरवाल, रेनू सिरोया, रानी गुप्ता ने यथा संभव पूर्ण सहयोग दिया।

### गैस सिलेंडर की अवैध भंडारण की रोकथाम के लिए रसद विभाग की कार्रवाई

**उदयपुर (पुकार)।** राज्य सरकार एवं जिला कलक्टर के निर्देशानुसार जिले में घरेलू गैस के व्यावसायिक दुरूपयोग व गैस सिलेंडर की अवैध भण्डारण की रोकथाम के लिए रसद विभाग की कार्रवाई जारी है।

जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर ने बताया कि प्रवर्तन अधिकारी श्रीमती डॉ. निशा मुन्दड़ा एवं प्रवर्तन निरीक्षक हिमानी सिंह सोलंकी द्वारा उदयपुर शहर में आकस्मिक जॉच की जाकर प्रतिष्ठान गोरव एन्टर प्राईजेज रामपुरा चौराहा पर 10 अवैध घरेलू गैस रिफिलिंग में प्रयुक्त घरेलू गैस सिलेण्डर व उपकरण तथा मेवाड एन्टर प्राईजेज रामपुरा चौराहा 2 अवैध घरेलू गैस सिलेण्डर के रिफिलिंग में उपयोग किये जाने वाले उपकरण जब्त किये गये। भटनागर ने बताया कि दोषित फर्मो के विरूद्व आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत आवश्यक कार्यवाहीं की जाएगी और आगामी दिवस में भी यह जॉच निरन्तर जारी रहेगी।

### नि :शुल्क नेत्र जाँच शिविर




**उदयपुर (पुकार)।** एस.बी.आई. फाउण्डेशन एवं तारा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जावाल, सिरोही जिले में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन चयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आमजन ने आँखों की जाँच कराई लगभग 273 लोगों ने आँखों की जाँच कराई। इनमें 44 लोगों को मोतियाबिन्द पाया गया। शिविर में निःशुल्क दवाई और चश्मे वितरित किये गये। मोतियाबिन्द मरीजों का उदयपुर स्थित तारा नेत्रालय में निःशुल्क ऑपरेशन किया जायेगा। शिविर को सफल बनाने में छगन घांची एवं सवाराम घांची का सराहनीय योगदान रहा। तारा संस्थान के संस्थापक व अध्यक्ष श्रीमती कल्पना गोयल ने बताया कि शिविर के माध्यम से ग्रामीणों में आँखों की देखभाल तथा समय-समय पर जाँच के प्रति जागरुकता पैदा हो रही है।

### दिव्येशकुमार महाराज आज आएंगे उदयपुर



**उदयपुर (पुकार)।** दंडवत परिक्रमा में विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले और पखावज वादन में अल्पायु में ही निपुण वैष्णवाचार्य श्री दिव्येशकुमार महाराज ( इंदौर- नाथद्वारा) शनिवार को सुबह इंदौर से रेल द्वारा उदयपुर पहुंचेंगे।

पारीख समाज के अध्यक्ष जयंतीलाल पारीख ने बताया कि दव्येशकुमार महाराज सुबह 4 बजे उदयपुर पहुंचेंगे जहां सिटी रेलवे स्टेशन पर सैंकडों वैष्णवजनों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। महाराज वहां से सीधे नाथद्वारा प्रस्थान करेंगे, जहां श्रीजी के दर्शन करेंगे। वहां से दोपहर से उदयपुर आएंगे। यहां श्रीजी भवन सेक्टर 14 में उनका प्रवास रहेगा। पारीख ने बताया कि श्री दिव्येशकुमारजी महाराजश्री ऐसे प्रथम वल्लभाकुल आचार्य हैं जिन्होंने 2015 में सबसे कम आयु में हजारों वैष्णवों के साथ ब्रज चौरासी कोस की ऐतिहासिक यात्रा की तथा 2018 में 1100 वैष्णवों को साथ लेकर श्रीगिरिराजजी की दण्डवती परिक्रमा की। इसमें 584 वैष्णवों ने महाराजश्री के साथ दण्डवती परिक्रमा कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया जिसे वर्ड बुक ऑफ रिकॉड्स, लंदन द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। पारीख ने बताया कि श्री विशानागर वणिक (पारख) समाज द्वारा 11 से 13 जनवरी तक जगतगुरु श्रीमद् वल्लभाचार्य महाप्रभु विरचित श्री गिरिराज धार्याष्टकम् गुणगान महोत्सव उदयपुर के राजस्थान महिला विद्यालय उदयपुर में शाम साढे 5 से साढे 8 बजे तक आयोजित होगा।

### सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक (वेटरन्स) दिवस समारोह 14 को

**उदयपुर (पुकार)।** केन्द्र व राज्य सरकार के निर्देशानुसार देशभर मे 9वां भूतपूर्व सैनिक (वेटरन्स) दिवस 14 जनवरी को मनाया जायेगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल कमलेन्द्र सिंह भाटी ने बताया कि जिला मुख्यालय पर यह समारोह जिला प्रशासन के निर्देशन में 30 इन्फेन्ट्री ब्रिगेड स्टेशन हेडक्वाटर्स उदयपुर तथा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 14 जनवरी को सुबह बजे एकलिंगगढ़ छावनी स्थित युद्ध शहीद स्मारक पर आयोजित किया जा रहा है , जिसमें जिले के पूर्व सैनिक, वीरांगनायें, पदक धारक, वीर माता तथा उनके आश्रित सम्मिलित होंगे। भाटी ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार इस समारोह में वीरांगनाओं/वीर माताओं, सहभागी वेटरन्स का सम्मान किया जायेगा।

### विशाल रक्त दान शिविर 12 जनवरी रविवार को

**उदयपुर (पुकार)।** समस्त गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज, श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण सभा संस्था हिरण मगरी, ट्रस्ट श्री गौतमेशवर गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज, रक्त दाता युवा वाहिनी एवं भारत विकास परिषद मेवाड़ के संयुक्त तत्वावधान में रविवार 12 जनवरी को विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन महर्षि गौतम भवन हिरण मगरी सेक्टर 4 में किया जाएगा। इस शिविर में विशेष सहयोग वृक्षम अमृतम संस्था द्वारा किया जा रहा है। अध्यक्ष गोपेश शर्मा द्वारा सभी रक्त दाताओं को तुलसी का पौधा वितरित किए जाएंगे। रक्त दाता युवा वाहिनी द्वारा विगत कई वर्षों से उदयपुर के विभिन्न अस्पतालों में जरूरत मंद मरीजों को तुरंत रक्त उपलब्ध कराया जा रहा है।

# सोचना, विचारना एवं मंथन करना ही जुझारू व्यक्तित्व को जन्म देता है : ताराचंद जैन




**उदयपुर (पुकार)।** भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राव बहादुर ठाकुर राज सिंह बेदला स्मृति अखिल राजस्थान हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। राज्य स्तरीय इस आयोजन में शहर विधायक ताराचंद जैन ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि ज्वलंत मुद्दों पर होने वाली प्रतियोगिताएं छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी तय करना भी सिखाती है, साथ ही सोचना, विचारना एवं मंथन करना जुझारू व्यक्तित्व की पहचान है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विश्वविद्यालय चेयरपर्सन कर्नल प्रो शिव सिंह सारंगदेवोत ने बौद्धिक कुशलता एवं ज्ञान की पराकाष्ठा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए व्यक्तित्व की उत्कृष्टता पर जोर दिया उन्होंने कहा कि विषय पर गहराई से पकड़ तथा तर्कों के माध्यम से ही अपनी बात सभी के समक्ष प्रस्तुत कर पाएंगे। संस्थान सचिव डॉ महेंद्र सिंह आगरिया ने विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या जैसे कदम उठाने पर दुख व्यक्त करते हुए संवाद की कमी को रेखांकित किया, साथ ही संवाद का उद्देश्य पर जोर देते हुए बताया कि संवाद का उद्देश्य दबाव डालना नहीं अपितु सत्य को धैर्य से स्वीकार करना है यदि हम ऐसा नहीं कर पाए तो राष्ट्र की उन्नति अवरुद्ध हो जाएगी। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़, संयुक्त मंत्री राजेंद्र सिंह ताणा, कुलसचिव डॉ निरंजन नारायण सिंह राठौड़, नवल सिंह चुंडावत, महेंद्र सिंह पाखण्ड, महेंद्र सिंह सेमारी, मान सिंह चुंडावत, ओल्ड बोयज एसोसिएशन के सचिव भानु प्रताप सिंह उपस्थित रहे। विज्ञान संकाय अधिष्ठाता डॉ रेणू राठौड़ ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए राव बहादुर ठाकुर राज सिंह जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। संयोजक डॉ चंद्र रेखा शर्मा ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पक्ष एवं विपक्ष पर अपने विचार व्यक्त करते हुए युवा जोश का परिचय दिया। प्रतियोगिता में चल वैजयंती का विजेता महाविद्यालय फैकेल्टी आफ एजुकेशन बीएन विश्वविद्यालय उदयपुर रहा तथा प्रथम पुरस्कार दिव्यांगना राणावत, सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, द्वितीय पुरस्कार हनी सिंह राठौड़ फैकल्टी ऑफ़ एजुकेशन बीएन महाविद्यालय एवं प्रज्वल सिंह तोमर बीएन स्नातकोत्तर महाविद्यालय तथा तृतीय पुरस्कार भुवनेश श्रीहरि एसपीयू पीजी कॉलेज, फालना ने प्राप्त किया।

# दो दिवसीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस की राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस-विद्योदय आज से



**उदयपुर (पुकार)।** भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस संस्थान, उदयपुर की ओर से 11-12 जनवरी 2025 को चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस की राष्ट्रीय कान्फ्रेन्स का आयोजन शोभागपुरा 100 फीट रोड स्थित ओकेजन गार्डन एवं बैंक्वेट में आयोजित होगी, जिसमें देशभर के प्रबुद्ध सीए भाग लेगें। उदयपुर शाखा अध्यक्ष सीए रौनक़ जैन ने बताया की सींएमपी अध्यक्ष - सीए रोहित रूवाटीया, भारतीय सीए संस्थान के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए अनिकेत तलाटी, सीआईआरसी अध्यक्ष-सीए आकाश बरगोटी, सीए बिमल जैन उदयपुर पहुँचें। मीडिया प्रभारी सीए सौरभ गोलछा ने बताया कि उदघाटन समारोह सुबह 10 बजे होगा। इसमें विशिष्ट अतिथि वंडर सीमेंट लिमिटेड के सीएफ़ओ जिगर शाह, हिन्दुस्तान जिंक के सीएफओ संदीप मोदी और विधायक ताराचंद जैन होंगे। कांफ्रेंस कन्वेनर सीए अभिषेक संचती ने बताया कि पहले दिन में तीन सत्र होंगे। पहले सत्र में सीए अनिकेत तलाटी एस्स्युरंस स्टैंडर्ड्स फॉर सर्टिफिकेशन एंड ऑडिट पर, दूसरे सत्र में सीए असीम त्रिवेदी कैजुअल प्रैक्टिस के दुष्प्रभाव पर एवं तीसरे सत्र में सीए बिमल जैन जीएसटी में सर्च, सीज़र और अरेस्ट विषय पर चर्चा करेंगे। शाखा उपाध्यक्ष सीए राहुल माहेश्वरी ने बताया कि शाम को पारिवारिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिवा डांस ट्रूप दिल्ली एवं अशोक गंधर्व बैंड दिल्ली रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे।कार्यक्रम की तैयारियों में शाखा अध्यक्ष सीए रौनक़ जैन, उपाध्यक्ष सीए राहुल माहेश्वरी, कांफ्रेंस डायरेक्टर सीए योगेश चन्द्र पोखरना, कांफ्रेंस कन्वेनर सीए अभिषेक संचेती, कांफ्रेंस सेक्रेटरी सीए हितेश भदादा, सेक्रेटरी- सीए प्रतिभा जैन, कांफ्रेंस को-कन्वेनर सीए चिराग़ धर्मावत आदि मौजूद रहे।

# जीतो प्रीमियर लीग के तीसरे दिन खिलाड़ियों ने रोमांचक मुकाबलों में जीते मैच




**उदयपुर (पुकार)।** अन्तराष्ट्रीय संस्था जैन इन्टरनेशनल ट्रेड ओर्गेनाईजेशन (जीतो) उदयपुर द्वारा आयोजित जीतो प्रीमियर लीग के तीसरे दिन शुक्रवार को 8 रोमांचक मुकाबले हुए। जीतो उदयपुर अध्यक्ष यशवंत आंचलिया एवं सचिव अभिषेक संचेती ने बताया कि पहला मुकाबला राजकुमार भाईटी 11 बनाम बड़ी सादड़ी जैन मित्र मण्डल के बीच हुआ। जिसमें राजकुमार माई टी 11 ने रोमांचक तरीके से मुकाबला जीता। जिसमें मेन ऑफ द मैच मुकूल जैन रहा। दूसरे मुकाबले में एसएमएस चैलेर्जस अरिहंत बनाम शांति एचपी इण्डियन के बीच हुआ। जिसमें एसएमएस चैलेंजर्स अरिहंत टीम विजेता रही। तीसरे मुकाबले में महावीर 11 बनाम एसडीबी टाईन्टंस के बीच हुआ जिसमें महावीर 11 टीम विजेता रही। मैन ऑफ द मैच मानव जैन रहा। चौथे मुकाबले में नेशनल सुपर किंग्स ने एमएसएस अम्बामाता को हराया। मैन ऑफ द मैच कुणाल मेहता रहा। पाचवें मुकाबले में आलोक पगारिया टाईगर्स बनाम जेएसजी सुप्रीम के बीच हुआ। जिसमें आलोक पगारिया टाईगर्स ने जीत हासिल की।

इस अवसर पर एडवाईजर राजकुमार फत्तावत, नरेन्द्र सिंघवी, श्याम नागौरी, अध्यक्ष यशवंत आचंलिया, मुख्य सचिव अभिषेक संचेती, युथ विंग अध्यक्ष दिव्यद दोशी, लीग निदेशक नितुल चण्डालिया, संयोजक लोकेश कोठारी, सह संयोजक राजेन्द्र जैन, लेडिज विंग अध्यक्षा अंजली सुराणा सहित कई खिलाड़ी एवं समाजजन मौजूद रहे।

# दक्षिण भारत के जायके से भरा दक्षिण डिलाइट फेस्टिवेल शुरू

### टूरिज्म डिप्टी डायरेक्टर शिखा सक्सेना ने कहा ऐसे आयोजनों से दक्षिण का टूरिस्ट भी जुड़ेगा लेकसिटी से




**उदयपुर (पुकार)।** झीलों की नगरी में उदयपुरवासी तीन दिन तक दक्षिणी भारत की संस्कृति की झलक देख सकते हैं। उदयपुर में शुक्रवार शाम को पद्मिनी बाग रिजोर्ट और स्पा देबारी उदयपुर की और से इन्वेट्री होटल्स और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईआईएचएम) के सहयोग से 12 जनवरी तक चलने वाली दक्षिण डिलाइट फेस्टिवेल का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह में इस फेस्टिवल के अतिथि टूरिज्म डिपार्टमेंट की डिप्टी डायरेक्टर शिखा सक्सेना और डॉ. आनंद गुप्ता थे। इस मौके पर एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़, नगर निगम के चीफ फायर ऑफिसर बाबूलाल चौधरी, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुदर्शनसिंह कारोही, पूर्व अध्यक्ष भगवान वैष्णव, धीरज दोषी आदि मौजूद थे। पद्मिनी बाग के निदेशक पृथ्वीराज सिंह चौहान और इन्वेट्री होटल्स के सुदिप्तो देव स्वागत किया।

कार्यक्रम में पर्यटन विभाग की उप निदेशक शिखा सक्सेना ने कहा कि हम नए-नए इवेंट लेकर आएंगे तो उदयपुर में टूरिज्म चरम पर रहेगा। आफ सीजन होगा तब भी टूरिस्ट उदयपुर से कनेक्ट रहेगा। सक्सेना ने कहा कि यह यूनिक कार्यक्रम है। ऐसे आयोजनों से दक्षिण उदयपुर से जुड़ेगा। इस तरह के आयोजन एक तरह से सांस्कृतिक परम्पराओं को एक्सचेंज करते हैं। आने वाले समय में हम ऐसे प्लान करेंगे कि टूरिज्म विभाग भी ऐसे कार्यक्रम को प्रमोट करने में कोई कमी नहीं छोड़ेगा।

डॉ. आनंद गुप्ता ने कहा कि ऐसे प्रयास का स्वागत है और इसका सीधा फायदा हमारे शहर को होगा। उन्होंने कहा कि हमारे शहर के लोग भी यहां आए तो उनको भी लगेगा कि यह बड़ा कार्यक्रम है। यहां आने वाला बहुत कुछ लेकर ही जाएंगा।

पद्मिनी बाग के निदेशक पृथ्वीराज सिंह चौहान ने बताया कि इसमें साउथ इंडियन फूड की कई वेरायटी होगी जो मेवाड़ की धरती पर बनते देखेंगे और उसका स्वाद लेंगे। इसमें शाकाहरी डिश की ढेरों श्रृंखला होगी। चौहान ने बताया 11 जनवरी को दोपहर 1 से 3 और 12 जनवरी को दोपहर 1 से रात 10 बजे तक फेस्टिवल चलेगा।

इन्वेट्री होटल्स के सुदिप्तो देव और सुमन मेहती ने बताया कि इस फेस्टिवल में दक्षिण के तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना के फूड काउंटर होंगे। इन राज्यों की कई खास डिशेज यहां बनेगी और उसका स्वाद मेवाड़ के लोग और यहां आने वाले हमारे मेहमान टूरिस्ट लेंगे।

**बहुत कुछ होगा इस फेस्टिवल में :** उन्होंने बताया कि इस फेस्टिवल में बहुत कुछ होगा। इसमें दक्षिण भारत की महक और स्वाद के साथ ही यहां एंकर हर डिश के बारे में बताएंगी। इसमें शामिल होने वालों के लिए कई गतिविधियां होगी और उन्हें गिफ्ट और फ्री स्टे वाउचर भी दिए जाएंगे।

### दक्षिण भारत के जायके में तमिलनाडु की मसालेदार चेट्टीनाड करी भी

इसमें शामिल होने वालों को तमिलनाडु की मसालेदार चेट्टीनाड करी से लेकर केरल के समृद्ध, नारियल-युक्त स्वाद, कर्नाटक की सुगंधित बिरयानी और आंध्रप्रदेश के तीखे स्वाद तक के प्रामाणिक व्यंजनों का स्वाद लेने का अवसर मिलेगा। प्रत्येक व्यंजन का स्वाद ऐसा होगा कि मानो वह साउथ में रहकर ही इसका टेस्ट कर रहा है, ऐसी अनुभूति मिलेगी। पाककला के अनुभवों के अलावा, 'दक्षिणी डिलाइट्स' में सांस्कृतिक प्रदर्शन भी होंगे जो दक्षिण भारत के पारंपरिक संगीत, नृत्य और कलात्मकता को उजागर करेंगे। मेहमान मृदंगम की लयबद्ध ताल, भरतनाट्यम नर्तकियों की सुंदर हरकतों और कर्नाटक संगीत की भावपूर्ण धुनों से मंत्रमुग्ध हो जाएंगे। ये प्रदर्शन व्यंजनों के साथ जुड़ी सांस्कृतिक विरासत की गहरी समझ का प्रदर्शित करेगी।

# प्लास्टिक के विकल्प कम्पोस्टेबल प्रोडक्ट्स पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस शुरू



सम्मेलन के पहले दिन उपस्थित सदस्यों के साथ अतिथियों एवं विषय विशेषज्ञों ने इस बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। 

**उदयपुर (पुकार)।** ग्लोबल वार्मिंग और प्लास्टिक के उपयोग से बढ़ते प्रदूषण से बचाव के लिये कम्पोस्टेबल प्रोडक्ट्स का उपयोग हर व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में अपनाना होगा। यह प्रोडक्ट्स सर्कुलर इकोनॉमी, सस्टेनेबिलिटी और पर्यावरण संरक्षण के लिये अतिआवश्यक है। भारत में कम्पोस्टेबल प्रोडक्ट्स की सबसे बड़ी संस्था एसोसिएशन ऑफ कम्पोस्टेबल प्रोडक्ट्स इन इंडिया (एसीपीआई) द्वारा उदयपुर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के पहले दिन उपस्थित सदस्यों के साथ अतिथियों एवं विषय विशेषज्ञों ने इस बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। होटल राम्या में आयोजित इस सम्मेलन में देश-विदेश के विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। वर्तमान में भारत में 128 कंपनियों को कम्पोस्टेबल उत्पादों के निर्माण का लाइसेंस प्राप्त है, जिनमें से एसीपीआई के 60 सक्रिय सदस्य हैं।

एसीपीआई के प्रममुख सदस्य अशोक बोहरा ने बताया कि सम्मेलन में भारत को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त कराने के अनुरूप सेंट्रल पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड नई दिल्ली द्वारा चिन्हित 12 ऐसी सामग्री जो कि सिंगल यूज प्लास्टिक से निर्मित है जिन्हें प्रतिबंधित किया गया है, उनके नुकसान की जानकारी दी गई। इनमें प्लास्टिक के चम्मच, स्ट्रॉ, पतले केरी बैग, गारबेज बैग, डिस्पोज़ेबल सामग्री, इयरबड्स, पतले लेमिनेशन आदि शामिल हैं। इनका विकल्प कम्पोस्टेबल प्रोडक्ट्स है जो कि बायोमेटेरियल कार्न स्टार्च से निर्मित है। इन प्रोडक्ट्स की खासियत यह है कि 180 दिनों में यह पूरी तरह से कम्पोस्ड हो जाती है जिसका कोई प्रदूषण नहीं होता बल्कि यह खाद बन जाती है वहीं प्लास्टिक 300 वर्षों तक भी कम्पोस्ड नहीं होता। अशोक बोहरा ने बताया कि कम्पोस्टेबल बैग्स न केवल प्लास्टिक जितने मजबूत और कुशल हैं, बल्कि पर्यावरण के लिए पूरी तरह से सुरक्षित हैं। कम्पोस्टेबल बैग्स अब प्लास्टिक के समान किफायती हो गए हैं, जिससे ये बड़े पैमाने पर उपयोग के लिए एक व्यवहारिक विकल्प बनते जा रहे हैं। इनकी गुणवत्ता प्लास्टिक के समान मजबूती और उपयोगिता है।

एसीपीआई के प्रेसीडेन्ट मयूर जैन ने कहा कि कम्पोस्टेबल उद्योग न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद कर सकता है, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित कर सकता है। कम्पोस्टेबल उत्पाद प्लास्टिक का आदर्श विकल्प हैं और सतत विकास की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। इनके उपयोग को बढ़ावा देकर प्लास्टिक प्रदूषण से निपटा जा सकता है और पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यटकों के लिए 13 से 25 जनवरी तक बंद रहेगी सहेलियों की बाड़ी

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर में होने वाले राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान अलग-अलग स्थलों पर प्रस्तावित कार्यक्रमों को देखते हुएशहर का प्रमुख पर्यटक स्थल सहेलियों की बाड़ी 13 से 25 जनवरी तक पर्यटकों के लिए बंद रहेगी। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता राजीव अग्रवाल ने बताया कि राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह माननीय राज्यपाल महोदय की उपस्थिति में उदयपुर में प्रस्तावित है। इसके मद्देनजर सहेलियों की बाड़ी में सिविल मेन्टीनेंस, विद्युत कार्य तथा उद्यानिकी संबंधी कार्य किए जाने हैं। इसलिए 13 से 25 जनवरी 2025 तक सहेलियों की बाड़ी में आमजन एवं पर्यटकों का प्रवेश बंद रहेगा।

### मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कल

**उदयपुर (पुकार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार नवनियुक्त राजकीय कर्मचारियों के अभिनंदन के लिए जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 12 जनवरी को नगर निगम परिसर स्थित पं दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित होगा कोषाधिकारी सीमा गितेश श्री ने बताया कि कार्यक्रम में राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का सीधा प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम में मंत्रीगण, सांसद- विधायकगण सहित सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री चिन्हित नवनियुक्त कार्मिकों से वर्चुअल माध्यम से संवाद भी करेंगे। उन्होंने बताया कि उदयपुर नगर निगम के दीनदयाल सभागार में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय आयोजन में वित्त विभाग के 96, गृह विभाग के 28 तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 8 नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### बागौर की हवेली में पेंटिंग्स व फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ



**उदयपुर (पुकार)।** बागौर की हवेली स्थित कलावीथी में शुक्रवार को भावनगर की आर्टिस्ट रेखा जयदेवसिंह वेगड़ की पेंटिंग्स की तथा फोटोग्राफर धवल अमूल परमार के ड्रोन फोटोग्राफ्स की की प्रदर्शनी 'कला उत्सव' व 'ऊंचाई' का शुभारंभ शुक्रवार शाम को हुआ। गुजरात राज्य ललितकला अकादमी के सहयोग से आयोजित इस प्रदर्शनी का शुभारंभ शिक्षाविद् और आलोक संस्थान निदेशक डॉ. प्रदीप कुमावत, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क डॉ. कमलेश शर्मा, वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट राकेश शर्मा राजदीप, मिनीएचर आर्टिस्ट शिवसिंह सोलंकी व तेजस्विता चौबीसा के आतिथ्य में किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने कला को एक साधना बताया और कहा कि इसके माध्यम से न सिर्फ कलाकार अपितु इसको देखने वालों के मन में भी अनूठी आनंदानुभूति होती है। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन व मोली बंधन छोड़कर प्रदर्शनी 'कला उत्सव' का विधिवत शुभारंभ किया और प्रदर्शित पेंटिंग्स और फोटो का अवलोकन करते हुए कलाकारों की सृजन साधना की सराहना की। इस मौके पर आर्टिस्ट रेखा जयदेवसिंह और धवल परमार ने अतिथियों को अपने चित्रों और इसकी शैली व विषयवस्तु के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम दौरान अमूल परमार ने अतिथियों का स्वागत किया। आभार धवल परमार ने अदा किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कलाप्रेमी मौजूद रहे।

### राजस्थान विद्यापीठ का स्थापना दिवस कल

**उदयपुर (पुकार)।** जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय) का 39 वां स्थापना दिवस रविवार को एग्रीकल्चर महाविद्यालय के कृषि भवन सभागार में प्रातः 10.00 बजे समारोहपूर्वक मनाया जायेगा। रजिस्ट्रार डॉ.तरूण श्रीमाली ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि बाबा आमटे दिव्यांग विश्वविद्यालय जयपुर के कुलपति प्रो. देव स्वरूप, विशिष्ट अतिथि डॉ. निरूपमा सिंह, कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर, कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत होंगे जबकि अध्यक्षता कुलाधिपति प्रो. बलवंत राय जानी करेगे। प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि सुदूर आदिवासी गांव व वंचित वर्ग तक शिक्षा की अलख पहुंचाने के उद्देश्य से संस्थापक मनीषी पंडित जनार्दनराय नागर द्वारा तीन रूपये व पांच कार्यकर्ताओं के साथ 1937 में संस्था स्थापित की गई, जिसे 12 जनवरी, 1987 को यूजीसी व एम.एच.आर. डी. ने डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया।

### सर्वाइकल कैंसर जागरूकता शिविर आयोजित



**उदयपुर (पुकार)।** जीबीएच जनरल एवं कैंसर हॉस्पिटल की ओर से विट्टी इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को सर्वाइकल कैंसर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें 200 छात्राओं और टीचर्स की जांच की गई।

विट्टी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित सर्वाइकल जागरूकता अभियान में वार्ता आयोजित की गई। इसमें जीबीएच कैंसर हॉस्पिटल के रेडिएशन ऑकोलॉजिस्ट डॉ. मनन सरूपरिया ने सर्वाइकल कैंसर के लक्षण बताते हुए इसके गंभीर परिणामों की जानकारी सांझा की। उन्होंने इसके उपचार व बचाव के लिए वेक्सीन उपलब्ध होने व उसे लगवाने की उम्र के बारे में बताया। मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. बी.के. पुष्प ने एग्जाम फोबिया, मानसिक तनाव आदि पर वार्ता की और जागरूक किया। इस दौरान आयोजित शिविर में यूरोलॉजिस्ट डॉ. विवेक शर्मा, आर्थोपेडिक डॉ. सौरभ अग्रवाल ने अपनी सेवाएं दी। विट्टी इंटरनेशनल की डायरेक्टर डॉ. प्रीति सोमानी, प्रिंसिपल वीजू कूरियन, सहसहायक अर्चना ने जीबीएच की डायरेक्टर डॉ. सुरभि पोरवाल और डॉ. मनन सरूपरिया का आभार व्यक्त किया।

### स्वामी विवेकानंद जयंती पर राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में 'सृजन 2025' का भव्य आयोजन

**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय स्वामी विवेकानंद जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के विशेष अवसर पर 12 से 14 जनवरी 2025 तक बहुप्रतीक्षित वार्षिक समारोह, वार्षिक खेल और सांस्कृतिक उत्सव - सृजन 2024-25 का आयोजन कर रहा है। यह भव्य महोत्सव सांस्कृतिक, शैक्षणिक और खेल गतिविधियों का अनूठा संगम होगा, जो विश्वविद्यालय समुदाय की विविध प्रतिभाओं को प्रदर्शित करेगा।

आयोजन के विषय में राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आनंद भालेराव ने बताया कि 'सृजन 2024 - 25' प्रति वर्ष हमारे विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक उत्सव के रूप में आयोजित किया जाता, जिसका उद्देश्य सभी प्रतिभागियों और उपस्थित लोगों में राष्ट्रीय एकता की भावना उत्पन्न करना हैं। साथ ही सृजन इसलिए भी ज्यादा विशेष है क्योंकि ये स्वामी विवेकानंद की जयंती के विशेष अवसर पर आयोजित हो रहा है। इस महोत्सव के माध्यम से हम एक ऐसे वातावरण का निर्माण करना चाहते है जहां प्रतिभा को अपनी योग्यता का प्रदर्शन करने का पूर्ण अवसर मिले। इस प्रकार के आयोजन का मुख्य उद्देश्य हमारे विद्यार्थियों में अच्छे मूल्य प्रणाली और सकारात्मक विचारों को विकसित करना है ताकि वे जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए अच्छी तरह तैयार हो।

इस वर्ष के उत्सव में पतंग महोत्सव, रंगोली प्रदर्शन, और फूड स्टॉल्स जैसे इंटरएक्टिव कार्यक्रमों के साथ विश्वविद्यालय के नाट्य, नृत्य और संगीत क्लबों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां भी होंगी।

### एमपीयूएटी के बहुपयोगी कैलेण्डर का विमोचन

**उदयपुर (पुकार)।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर के के अधीन प्रसार शिक्षा निदेशालय की ओर से प्रकाशित वर्ष-2025 के बहुरंगी व बहुपयोगी कैलेण्डर का विमोचन शुक्रवार को कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने किया। इस मौके पर कुलपति ने कहा कि यह कैलेण्डर वर्षपर्यन्त न केवल किसानों वरन पशुपालकों के लिए भी प्रामाणिक जानकारी देने वाला अहम दस्तावेज साबित होगा।

राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह

# पुलिस जवानों और बच्चों का पूर्वाभ्यास, जिला कलक्टर ने किया अवलोकन



**उदयपुर (पुकार)।** मेवाड़ की धरा पर प्रस्तावित राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह पूर्ण उत्साह-उल्लास और गरिमापूर्ण ढंग से मनाया जाएगा। इसके लिए तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। शहर के महाराणा भूपाल स्टेडियम (गांधी ग्राउण्ड) में राज्य स्तरीय मुख्य समारोह को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। वहीं पुलिस के जवान तथा स्कूली बच्चों की टुकड़ियां परेड, बैंड परेड आदि का जमकर अभ्यास कर रही हैं।

जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने शुक्रवार को गांधी ग्राउण्ड पहुंच कर तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पूर्वाभ्यास का भी अवलोकन किया। पुलिस व होमगार्ड जवानों ने सधे हुए कदमों के साथ परेड का अभ्यास किया। वहीं विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भी बैण्ड वादन सहित अन्य गतिविधियों का अभ्यास किया। इस दौरान डीआईजी स्टाम्प राजीव द्विवेदी, जिला आयोजना अधिकारी पुनीत शर्मा सहित पुलिस, शिक्षा तथा खेल विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

## पारस हेल्थ में सटीक माइक्रो सर्जिकल तकनीक से दुर्लभ ट्यूमर का इलाज

**उदयपुर (पुकार)।** पारस हेल्थ, उदयपुर में एक दुर्लभ और जानलेवा मस्तिष्क की बीमारी से जूझ रहे 16 वर्षीय लड़के का सफ लतापूर्वक इलाज करके नया जीवन दिया गया। लड़का दो महीने से लगातार सिरदर्द, बेहोशी और दौरे का सामना कर रहा था। कई एडवांस्ड जांचों के बाद उसे कोलाइड सिस्ट का पता चला। यह एक दुर्लभ तथा नॉन-कैंसरयुक्त ब्रेन ट्यूमर है। इस बीमारी से दुनिया भर में दस लाख लोगों में से केवल 3 लोग ही प्रभावित होते हैं। ट्यूमर ब्रेन के वेंट्रिकल्स में स्थित था। वेंट्रिकल्स तरल पदार्थ से भरी कैविटीज होती हैं जो सेरेब्रोस्पाइनल द्रव को सर्कुलेट करने का काम करती है। सिस्ट ब्लड फ्लो और द्रव सर्कुलेशन में बाधा डाल रहा था, जिससे लड़के को अचानक गिरने या यहाँ तक कि मौत का भी खतरा था। मामले की गंभीरता तब और बढ़ गई जब पता चला कि लड़के को जन्मजात हृदय बीमारी रही है, दरअसल जन्म के समय बच्चे के दिल में छेद था, जिससे उसकी हालत और भी गंभीर हो गई थी। उसकी जान बचाने के लिए तत्काल इलाज बहुत ज़रूरी था। सर्जरी का जिम्मा सीनियर कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन डॉ. अजीत सिंह ने संभाला। उन्होंने अत्याधुनिक मिनिमली इनवेसिव तकनीकों का इस्तेमाल किया। एडवांस्ड माइक्रोस्कोपी और एंडोस्कोपी का उपयोग करते हुए डॉ. सिंह ने खोपड़ी में एक छोटी सी जगह बनाई और ट्यूमर तक पहुँचने के लिए महत्वपूर्ण मस्तिष्क संरचनाओं के माध्यम से सावधानीपूर्वक रास्ता बनाया। याददाश्त और गति को नियंत्रित करने वाले महत्वपूर्ण क्षेत्रों के पास ट्यूमर था, इसी को देखते हुए याददाश्त खोने और पैरालिसिस सहित कॉम्प्लिकेशन का एक महत्वपूर्ण खतरा था। डॉ सिंह ने इस बारे में कहा - ऐसे नाजुक क्षेत्र में ऑपरेशन करना काफ ी मुश्किल भरा था, लेकिन एडवांस्ड माइक्रोसर्जिकल उपकरणों की मदद से हम आसपास के मस्तिष्क संरचनाओं को कोई नुकसान पहुंचाए बिना पूरे ट्यूमर को सुरक्षित रूप से हटाने में सक्षम थे।

## मजिस्ट्रेट ने उपकारागृह कानोड़ का किया निरीक्षण



**कानोड़।** तालुका विधिक सेवा समिति, कानोड़ की अध्यक्षा व वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट मनिता प्रकाश व तहसीलदार कानोड़ ने उपकारागृह का औचक निरीक्षण कर बन्दियों से बातचीत कर उनसे समस्याओं व सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही जेल परिसर की साफ-सफाई के सम्बन्ध में जेल कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने ठंड के दौरान बन्दियों के लिए पर्याप्त कंबल की व्यवस्था करने के लिए जेलर को निर्देशित करते हुए कहा कि कैदियों के स्वास्थ्य के प्रति पूरा ध्यान रखा जाए कि वह ठंड की वजह से बीमार न हो। इस मौके पर न्यायिक मजिस्ट्रेट मनिता प्रकाश ने बन्दियों को विधिक जानकारी भी प्रदान की। निरीक्षण के दौरान वहां पर रीडर शंकर लाल खोखावत, तालुका सचिव गिरधारी लाल नायक व नाजिर प्रवीण अहीर मौजूद रहे।

# बीएन में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन




**उदयपुर (पुकार)।** भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय के बी. एन. इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान सरकार से अनुदानित सेमिनार का आयोजन किया गया। एमपावरिंग फार्मा विद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस त्र इन्नोवेशन, चैलेंज एंड फ्यूचर डायरेक्शंस विषयक सेमिनार के मुख्य अतिथि डॉ.विपिन माथुर, प्रिंसिपल, रविंद्रनाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज, उदयपुर ने उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए कहा कि दुनिया भर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस( एआई) के आधार पर ग्लोबल हेल्थ सिस्टम में नवाचार हो रहे हैं इसी क्रम में भारतीय फार्मेसी सेक्टर मे एआई का समावेश कर अधिक से अधिक काम करने की आवश्यकता है उन्होंने कहा कि एआई की मदद से फार्मेसी क्षेत्र में अपार संभावना है जिन्हें खोज कर हेल्थ केयर सिस्टम में भरपूर योगदान दिया जा सकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ बीएनआईपीऐस के प्राचार्य डॉ. चेतन सिंह चौहान के स्वागत भाषण से हुआ। इस अवसर पर संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष कर्नल प्रो शिव सिंह सारंगदेवोत और सचिव डॉ. महेंद्र सिंह आगरिया ने एआई के विभिन्न उपयोगों के बारे में उज्जवल और श्याह दोनों पक्षों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम सचिव डॉ. मीनाक्षी भरकतिया ने सेमिनार की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कॉलेज के प्राध्यापको डॉ. अंजु गोयल, डॉ. एम.एस. राणावत, डॉ.कोमल शर्मा, डॉ.आरपीएस राठौड़, आलोक भार्गव, डॉ.अमूल मिश्रा, डॉ.एचपी सिंह, डॉ.दीपक मारोठिया, डॉ.अमित भार्गव, डॉ.रजत वैष्णव, डॉ.गजेंद्र सिंह राठौड़, डॉ.अनिरुद्ध देवड़ा, सुश्री मूमल देवड़ा, डॉ.महेंद्र सिंह सोलंकी, प्रदीप चुंडावत, सुरेंद्र सिंह दलावत सहित सभी संकाय सदस्यों ने योगदान किया। अंत में कार्यक्रम सचिव डॉ. मीनाक्षी भरकतिया ने अतिथियों एवं सहभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# यूसीसीआई सदस्यों ने किया मेडनेक्स्ट बायोटेक फैक्ट्री का औद्योगिक भ्रमण




**उदयपुर (पुकार)।** यूसीसीआई द्वारा उदयपुर सम्भाग में उद्यमिता विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।

मानद महासचिव डॉ. पवन तलेसरा ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में विशेष मुकाम हासिल कर चुके उद्योगों की विभिन्न प्रक्रियाओं से एमएसएमई उद्यमियों को परिचित कराने के उद्देश्य से यूसीसीआई द्वारा इण्डस्ट्रीयल एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया जा रहा है।

यूसीसीआई की मेम्बरशिप एंगेजमेन्ट सब-कमेटी की चेयरपर्सन श्रीमति हसीना चक्कीवाला ने बताया कि आओ फैक्ट्री देखें श्रृंखला के तहत उदयपुर सम्भाग के एमएसएमई उद्यमियों के लिए मेडनैक्स्ट बायोटेक लिमिटेड फैक्ट्री की विजिट का आयोजन किया गया। यूसीसीआई की ओर से आयोजित इस निःशुल्क इण्डस्ट्रीयल विजिट में एमएसएमई क्षेत्र के लगभग 60 से अधिक उद्यमियों ने भाग लिया।

मेम्बरशिप एंगेजमेन्ट सब-कमेटी की चेयरपर्सन श्रीमति हसीना चक्कीवाला ने उद्यमियों के फैक्ट्री परिसर में पहुंचने पर मेडनैक्स्ट बायोटेक लिमिटेड के प्रबन्ध निदेशक अनिल कुमार व्यास का परिचय देते हुए बताया कि औद्योगिक उपलब्धियों के लिये कम्पनी को यूसीसीआई एक्सीलेन्स अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

उद्यमियों का फैक्ट्री परिसर में स्वागत करते हुए अनिल कुमार व्यास ने एक टेक्नोक्रेट से उद्यमी बनने तक की अपनी प्रेरक यात्रा को प्रतिभागियों के साथ साझा किया। फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में परस्पर प्रतिस्पर्धा एवं सरकार द्वारा निर्धारित मानकों की पालना करते हुए वाजिब दर पर मेडीसिन की मैन्युफक्चरिंग एवं गुणवत्ता नियंत्रण की प्रक्रिया के बारे में श्री व्यास ने विस्तार से बताया।

फैक्ट्री विजिट के दौरान सदस्यों ने कम्पनी की फार्मास्यूटिकल एवं स्वास्थ्य सेवा से सम्बन्धित दवाओं के निर्माण की प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण एवं कार्मिकों द्वारा समर्पण के साथ कार्य करने की विभिन्न गतिविधियों को देखा और समझा।

यूसीसीआई के मानद कोषाध्यक्ष प्रकाशचन्द्र बोलिया ने मेडनेक्स्ट बायोटेक लिमिटेड के निदेशक अनिल कुमार व्यास को फैक्ट्री विजिट के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

## संत भैरू महाराज ने की पैदल यात्रा



**कानोड़ (पुकार)।** बाबा रामदेव आश्रम नवानिया के संत भैरू महाराज ने गुरुवार को सैकड़ों शिष्यगणो के साथ संत धुंधलीमल स्वामी धूणी बांसी पहुंच कर दर्शन किए। मिली जानकारी के अनुसार संत भैरू महाराज नवानिया आश्रम से बांसी धूणी दर्शन के लिए पैदल अपने शिष्यो के साथ मंगलवार सुबह रवाना हुए । जिन्होंने रात्रि विश्राम खेरोदा में किया। दूसरे दिन बुधवार को प्रातः खेरोदा से रवाना हुए जो शाम को कानोड़ पहुंचे। कानोड़ में पहुंचने पर संत भेरू महाराज सहित पूरे संघ का प्रमोद भोपा जी के यहां पर जोरदार स्वागत किया गया। कानोड़ में भोजन प्रसादी व सत्संग का आयोजन के साथ रात्रि विश्राम किया। तीसरे दिन गुरुवार को कानोड़ से प्रात रवाना हुए जो दिन में करीब 3 बजे बांसी धूणी पर पहुंचे। मेन रोड पर संत धुंधलीमल स्वामी सेवा समिति और भगालाल गायरी धरियावद, मोहन माराज सहित समस्त शिष्यगणो द्वारा अगवानी करते हुए फूल मालाओं, गुलाब पंखुड़ियों से जोरदार स्वागत किया गया। बाद में मुख्य मंदिर धूणी परिसर में पुजारी वीरेंद्र पूरी सहित पुजारी परिवार ने भी संत भेरू महाराज का स्वागत कर दर्शन करवाए। तत्पश्चात अखिल भारतीय धनगर मेवाडा गाडरी समाज की सराय में संत भेरू महाराज ने हवन किया और भजन कीर्तन भी हुए। स्वागत, दर्शन के बाद में भगालाल गायरी धरियावद की ओर से भोजन प्रसादी का आयोजन किया। सभी श्रद्धालूओ दर्शन कर भोजन प्रसाद का लाभ लिया। इस दौरान संत धुंधलीमल सेवा समिति बांसी धूणी सहित सर्व समाज के सैकड़ों महिलाएं, पुरुष, बच्चे मौजूद रहे।

## सीटीएई में ग्रीन एनर्जी पार्क व लेब का उद्‌घाटन



**उदयपुर (पुकार)।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर के संगटक कॉलेज प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय सीटीएई के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग में ग्रीन एनर्जी टेक्नोलॉजी पार्क एवं ग्रीन एनर्जी टेक्नोलॉजी लेब का उद्‌घाटन कुलपति प्रोफेसर अजीत कुमार कर्नाटक ने किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा एवं पवन ऊर्जा में राजस्थान सिरमोर है, इन दोनों ऊर्जाओं पर आधारित सयंत्रो का उपयोग कर हरित ऊर्जा की तरफ बढ़ सकते हैं। विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विक्रमादित्य दवे ने बताया कि ग्रीन एनर्जी टेक्नोलॉजी पार्क में छात्रों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट में विभिन्न संयंत्र को स्थापित किया गया है जिनमें सोलर आधारित- पीवी थर्मल आरओ, डिशटिल वॉटर प्लाट, ग्रीन हाउस, पीवी थर्मल ड्रायर, सीसीटीवी केमरा, साइकिल, स्प्रेयर आदि प्रमुख है।

## इक्कीसवीं शैक्षणेत्तर कर्मचारी कुलपति चल वैजयंति खेलकूद प्रति. संपन्न

### बॉस्केट बाल और फुटबॉल मुकाबले मेंसीटीएई ने अपने नाम की ट्रॉफी

**उदयपुर (पुकार)।** प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय उदयपुर के खेल प्रांगण पर आयोजित चार दिवसीय इक्कीसवीं शैक्षणेत्तर कर्मचारी कुलपति चल वैजयंती खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के साथ संपन्न हो गई। चल वैजयंती पर मेजबान सीटीएई टीम ने कब्जा कर अपनी फतह दर्ज कराई। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत केन्द्रीय शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ तथा शैक्षणेत्तर कर्मचारी कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में तीन सौ से ज्यादा खिलाड़ियों ने भागीदारी की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि खेल न केवल मनोरंजन बल्कि जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, भाईचारा, अनुशासन, नेतृत्व, टीम वर्क की सीख भी देते है। खेल के माध्यम से हम अपने जीवन को सफल और आनंदित बना सकते हैं। खेल में सबसे बड़ी जीत पूरी टीम की होती है। कार्यक्रम के अध्यक्ष सीटीएई डीन डॉ. अनुपम भटनागर ने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रतिस्पर्धा एवं भाईचारे से खेलने की सीख दी। केन्द्रीय शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के संरक्षक करणसिंह शक्तावत ने बताया कि इस समारोह में विजेता टीमों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा कुलपति चल-वैजयन्ति ट्रॉफी प्रदान की गई और खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र एवं पारितोषिक प्रदान किये गये।

कार्यक्रम संयोजक गीतेश जैन ने बताया कि बॉस्केटबॉल के फाइनल मुकाबले में सीटीएई की टीम, वॉलीबॉल में प्रशासनिक कार्यालय की टीम, फुटबॉल में सीटीएई की टीम विजयी रही। खेलकूद प्रतियोगिता में एथलेटिक्स के मुकाबले बड़े ही रोचक रहे। इन खेलों में 100 व 400 मीटर दौड़ में आरसीए के लवप्रीत नोखवाल प्रथम रहा। महिला खिलाड़ियों के आयोजित 100 मीटर दौड़ में प्रसार शिक्षा निदेशालय की सुश्री दीपा इंदौरिया प्रथम रही। गोला फेंक में देवराज प्रथम रहे। लंबी कूद में राकेश कुमार यादव प्रथम रहे।

कबड्डी फाइनल मुकाबले में आरसीए की टीम, टेबल टेनिस डॉ. पंकज उपाध्याय, बैडमिंटन में सीटीएई के डॉ. पंकज उपाध्याय, इरशाद मोहम्मद एवं गीतेश जैन की टीम विजयी रही। रस्साकस्सी के रोमांचक फाइनल मैच में सीटीएई ने आरसीए की टीम को 2-0 से हराया। 21वीं कुलपति चल वैजयंती खेलकूद प्रतियोगिता में प्रशासनिक कार्यालय के चन्दन दवे सभी खेलों में बेस्ट प्लेयर रहे। इसी प्रकार फुटबॉल में सीटीएई के खेम राज डांगी, कबड्डी में आरसीए के मंगला राम डांगी, वॉलीबॉल में सीटीएई के देवाशीष कुमार, बॉस्केटबॉल में सीटीएई के भैरू लाल डांगी बेस्ट प्लेयर रहे।

# सहेलियों की बाड़ी मुख्य मार्ग क्षेत्र के अतिक्रमण ध्वस्त




### मार्ग सीमा में पड़े जनरेटर, भट्टियों को की किया जब्त

### अनुमति विपरीत किए गए निर्माण को किया सीज

**उदयपुर (पुकार)।** अतिक्रमण के विरुद्ध नगर निगम प्रतिदिन सख्त कदम उठा रहा है, शहर में लगातार कार्यवाही हो रही है। शुक्रवार को भी जहां एक ओर निगम के पीले पंजे ने फिर अपना रूप दिखाते हुए अतिक्रमण को ध्वस्त करते हुए सड़क मार्ग में रखे जनरेटर केबिन को जब्त करने के साथ ही अवैध रूप से बनाए टीन शेड को हटवाया गया वहीं दूसरी ओर हाथीपोल क्षेत्र में स्वीकृति विपरीत किए गए अतिरिक्त निर्माण को सीज करने की कार्यवाही भी की गई।

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि निगम द्वारा शहर में अस्थाई और स्थाई अतिक्रमण को ध्वस्त करने में लगातार सख्त कार्यवाही कर रहा है। आयुक्त ने फिर स्पष्ट संकेत दिए है कि यह कार्यवाही तब तक जारी रहेगी जब तक की पूरे शहर से अतिक्रमण नहीं हट जाए। शुक्रवार को सहेलियों की बाड़ी मुख्य मार्ग पर एक ने प्रतिष्ठान नेअपने जनरेटर रेड पर रख रखा था जिसको क्रेन द्वारा डंपर में जब्त किया गया। वहीं रोड पर ही भट्टी लगाकर व्यवसाय करने वाले को पाबंद करते हुए वहां भट्टी के साथ काउंटर को भी जब्त किया गया। सहेलियों की बाड़ी के सामने ही एक रेस्टोरेंट संचालक द्वारा सड़क पर ही टीन शेड का निर्माण करवाया गया उसको भी निगम पुलिस निरीक्षक मांगीलाल डांगी राजस्व निरीक्षक राहुल मीणा आदि ने तुड़वाकर रोड को फिर से चौड़ा किया गया। नगर निगम द्वारा शुक्रवार को हुई कार्रवाई को देखने कई संख्या में लोग इक्ठे हो गए। वही भारी पुलिस जाता भी मौजूद रहा। आयुक्त राम प्रकाश ने स्पष्ट किया है कि निगम द्वारा लगातार अतिक्रमण ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

**अतिरिक्त निर्माण को किया सीज :** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि अवैध निर्माण को लेकर नगर निगम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। निगम के संज्ञान में आने पर अवैध निर्माण को सीज किया जा रहा हैं। शुक्रवार को भी हाथी पोल क्षेत्र में स्वीकृति विपरीत किए गए अवैध निर्माण को सीज किया गया। भूखंड पर नगर निगम द्वारा भू तल के साथ दो मंजिल की अनुमति दी गई थी लेकिन मौके पर द्वितीय मंजिल के ऊपर एक अतिरिक्त कमरा एवं किचन का निर्माण किया गया था जिसको नगर निगम द्वारा कार्यवाही करते हुए सीज किया गया है।

कार्यवाही के दौरान मौके पर सहायक नगर नियोजक शुचिता कोठारी, विजय डामोर, गोवर्धन कुमावत राजस्व निरीक्षक विजय जैन एवं वरिष्ठ सहायक जितेंद्र मेघवाल आदि उपस्थित रहे।

# आप जिसका भी अन्न खाएं उसका नमक अवश्य अदा करें: पंडित तिवारी



**राजसमंद (पुकार)।** आप जीवन में अगर किसी भी व्यक्ति का अन्न खाते हैं तो उसका नमक अवश्य अदा करना चाहिए और जिस थाली में खाओ उसमें कभी छेद नहीं करना चाहिए। यह विचार चौमुखा महादेव मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक पंडित राजेंद्र तिवारी ने कथा में अजामिल के यहां संतों के मेहमान स्वरूप में रहने के प्रसंग का वर्णन करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आप अगर किसी के यहां नौकरी भी करते हैं तो उसमें पूरी ईमानदारी रखें और नौकरी का फर्ज अच्छी तरह से अदा करें। इससे परमात्मा ने सिर्फ आपका साथ देंगे, बल्कि आपके साथ खड़े रहेंगे और हर संकट व मुसीबत से आपको बचाएंगे। उन्होंने कहा कि जीवन में अगर ज्ञान प्राप्त करना है तो यह सत्संग से ही प्राप्त होता है। उन्होंने प्रश्न करते हुए कहा कि सत्संग कैसा, सत्संग होता है संतों का संग। जीवन में कभी किसी बुरे व्यक्ति का सॉन्ग नहीं करना चाहिए क्योंकि बुरा व्यक्ति उसके अनुसार ही आपको शिक्षा देगा। इसके विपरीत अगर आप संत के पास जाओगे तो वह ठाकुर की बात करेगा जिससे आपको धर्म और नीति के अनुसार कार्य करने की शिक्षा मिलेगी। इसलिए हमें संतों के ज्ञान का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अन्य का कभी अपमान नहीं करना चाहिए क्योंकि अन्य देवता है। उन्होंने वक्त प्रहलाद और ध्रुव के प्रसंग पर चर्चा करते हुए कहा कि भक्ति हो तो ध्रुव जैसी होनी चाहिए जिन्होंने अपनी भक्ति के बल पर मृत्यु पर भी विजय प्राप्त कर ली थी। जीवन में कभी गौमाता, संतों और ब्राह्मण का अपमान नहीं करना चाहिए और ना ही इन्हें दुख देना चाहिए अन्यथा आपके जीवन में कष्ट आना निश्चित है। व्यक्ति का भाग्य उसके कर्मों से ही खुलता है क्योंकि भगवान ने हमें मनुष्य बनाया ही कर्म करने के लिए है। ऐसे में कर्म करने वाले व्यक्ति से ही प्रभु हमेशा प्रसन्न रहते हैं। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों के नाम चिंटू, पिंटू आदि रखने के बजाय गोविंद के नाम पर रखना चाहिए, जिससे जब भी आप उन्हें पुकारेंगे तो प्रभु के नाम का स्मरण होगा। प्रारंभ में कथा अधिष्ठाता दिनेशचंद्र साहू परिवार में भागवत की आरती उतारी। कृष्ण जन्मोत्सव पर आध्यात्मिक हुआ माहौल भागवत कथा के चौथे दिन कथा प्रसंग के अनुसार प्रभु श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से भजन कीर्तन और सत्संग के साथ मनाया गया। इसमें कथा अधिष्ठाता दिनेशचंद्र साहू ने नंद बाबा बनकर बालकृष्ण को लेकर पंडाल में प्रवेश किया तो भक्तों ने खूब जयकारे लगाए। कथा में प्रसंग के अनुसार गोविंद मेरो है गोपाल मेरो है..., श्री बांके बिहारी नंदलाल मेरो है..., भजमन नारायण नारायण... सहित अन्य भजनों की प्रस्तुति से माहौल को भक्तिमय बना दिया।

**● कृष्ण जन्मोत्सव पर भाव विभोर हुए श्रद्धालु**

# आदिवासी सांस्कृतिक एकता महासम्मेलन में भागीदारी करने महाराष्ट्र जाएंगे समाजजन

## अधिकाधिक जन भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर बैठक सम्पन्न



**राजसमंद (पुकार)।** महाराष्ट्र के धुलिया जिले में होने वाले आदिवासी सांस्कृतिक एकता महासम्मेलन में राजसमन्द जिले से समाजजनों की भागीदारी सुनिश्चित करने एवं इस सम्बन्ध में रूपरेखाा तैयार करने को लेकर शुक्रवार को छापर धांयला स्थिता सामुदायिक भवन में आदिवासी एकता परिषद एवं आदिवासी एकता संस्थान के बैनर तले सभा का आयोजन हुआ। परिषद व संस्थान जिलाध्यक्ष इन्द्रलाल गमेती ने बताया कि प्रतिवर्ष अलग-अलग राज्यों में यह महासम्मेलन होता है तथा इसी कड़ी में इस बार तीन दिवसीय 32वां आदिवासी सांस्कृतिक एकता महासम्मेलन महाराष्ट्र के धुलिया जिले में पानखेड़ा पिपलनेर में 13 जनवरी से होगा। इसमें देश के सभी प्रान्तों के अलावा अन्य विभिन्न देशों से लाखों की संख्या में आदिवासी समाजजन शामिल होंगे। इसमें राजसमन्द जिले से भी बड़ी संख्या में समाजजनों की भागीदारी रहेगी। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने जिले से अधिकाधिक जन भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि इस बार पंचायत स्तर तक से लोगों को महासम्मेलन में शामिल करने के प्रयास किए जाएं ताकि समाज में जन जागृति को बढ़ावा मिल सकें तथा देश-दुनिया को जाना जा सकें। बैठक में बताया कि इस सम्मेलन में आदिवासी वर्ग से जुड़े ज्वलंत मुद्दों, समस्याओं, अधिकारों तथा राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रही विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा के अलावा आदिवासी समाज उत्थान के सन्दर्भ में मंथन किया जाएगा। इस दौरान सभी ने राजसमन्द जिले से जुड़े बिंदुओं को पटल पर रखने की बात की। जिलाध्यक्ष गमेती ने महाराष्ट्र के लिए गंतव्य एवं इसे लेकर तैयार की गई रूपरेखा से सभी को अवगत कराया तथा कहा कि सम्मेलन निश्चित रूप से समाज के लिए कारगर व हितकारी होगा। इस अवसर पर आदिवासी एकता परिषद राजसमंद एवं राजस्थान आदिवासी संघ धायला गुड़ला चौखला के संयुक्त तत्वावधान मे आगामी क 26 जनवरी को छापर धांयला में प्रस्तावित जिला स्तरीय आदिवासी स्वतन्त्रता सैनानी रॉबिन हुड टंट्या मामा जयंती समारोह को लेकर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिलेभर से समाजजन शामिल होंगे तथा इसे लेकर शीघ्र ही तैयारियां शुरू की जाएगी।

# शिविर के माध्यम से आमजन को दी विधिक जानकारी



**राजसमंद(पुकार)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर व जिला प्राधिकरण अध्यक्ष राघवेन्द्र काछवाल के निर्देशानुसार प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने शुक्रवार को नगर पालिका भीम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में आमजन को विधिक जानकारी प्रदान कर लाभान्वित किया गया। इस दौरान सचिव अग्रवाल ने नालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी सहित निःशुल्क विधिक सहायता, मध्यस्थता कानून, पीड़ित प्रतिकर स्कीम, वृद्धजनों के लिए विधिक अधिकार, पॉश एक्ट, बाल विवाह निषेध अधिनियम, नशा उन्मूलन अभियान तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर आमजन से संवाद स्थापित किया। इस दौरान प्राधिकरण के कनिष्ठ सहायक चेतन बागोरा एवं अधिकार मित्र पुष्पादेवी सोनी उपस्थित थे।

# स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों पर पोस्टर प्रदर्शन

## महिला सशक्तिकरण का दिया संदेश



**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय स्थित एसआरके कॉलेज के एनएसएस शिविर के चौथे दिन गोद लिए गांव गायरियावास में विद्यार्थियों ने रैली निकाली और आमजन की समस्याएं सुनी। राउप्रावि में विद्यार्थियों ने देशभक्ति कविताओं पर प्रस्तुति दी। जिसमें वर्षा व्यास प्रथम स्थान, सूरज डोली द्वितीय स्थान और चेतन बैरवा व रवीना गुर्जर ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। रैली के अंतर्गत विद्यार्थियों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारे के साथ महिला शिक्षा की अलख जगाई। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ विभा शर्मा ने बताया कि शिविर के दौरान अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से सुयोग दीक्षित एवं जसवीरसिंह ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों पर पोस्टर प्रदर्शन किया और विद्यार्थियों ने इन पोस्टर पर अपने प्रतिक्रिया दी। इस दौरान डॉ अनिल कुमार कालोरिया, खुशबू व नेमीचंद आदि उपस्थित थे।

# मोही में वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

## धोइंदा में 85 वाहन चालकों की हुई नेत्र जांच



**राजसमंद(पुकार)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 परवाह का आयोजन 1 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। इस पहल के तहत सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को जिला परिवहन अधिकारी डॉ कल्पना शर्मा ने मोही ग्रामीण क्षेत्र में एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के अंतर्गत दुपहिया और चौपहिया वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने के साथ-साथ वाहन चालकों को सीट बेल्ट पहनने और हेलमेट का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सड़क सुरक्षा जागरूकता के पेम्पलेट भी वितरित किए गए। अभियान में लगभग 125 दुपहिया वाहनों, 26 ट्रैक्टरों, 12 ऑटो और अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए। डीटीओ डॉ शर्मा ने उन वाहन चालकों को समझाया जिन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग नहीं किया था। उन्हें चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में वे इन सुरक्षा उपकरणों का उपयोग नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ चालान की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही एनएचएआई और परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में धोईन्दा स्थित पेट्रोल पंप पर वाहन चालकों के नेत्र परीक्षण के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 85 वाहन चालकों के नेत्र परीक्षण किए गए और उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों की पालन करने की अपील की गई। इस दौरान कार्यालय के सहायक प्रोग्रामर सूर्यभान सिंह चौहान, रेस्को गार्ड पूनमसिंह, नरेंद्रसिंह, निर्भयसिंह, एनएचएआई से टोल प्लाजा मैनेजर अमित विनायक इंदुलकर और सुजित वर्मा उपस्थित थे।

# एसआरके कॉलेज वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय स्थित एसआरके कॉलेज में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने और विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करने का प्रयास था। प्राचार्या प्रो सुमन बडोला ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि ये हमारी जड़ों और परंपराओं से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण साधन हैं। डॉ निर्मला मीणा ने सांस्कृतिक गतिविधियों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं और उन्हें अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। इस सांस्कृतिक आयोजन में विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। फिल्मी गायन, लोक गायन समूह गीत और भजन जैसी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भारतीय वाद्य यंत्रों का उपयोग करते हुए अपनी प्रस्तुतियों को और भी प्रभावशाली बनाया। सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ संतोष भंडारी ने प्रतियोगिताओं के परिणामों की घोषणा करते हुए बताया कि एकल गायन फिल्मी में धर्मेश व्यास प्रथम और मनीष शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एकल लोकगीत गायन में चेतन बैरवा ने प्रथम और हेमलता कुमावत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सामूहिक गायन प्रतियोगिता में प्रथम मनीष शर्मा के समूह ने प्रथम स्थान व वर्षा व्यास एण्ड समूह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टैटू मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम शोभा कोलवाल, द्वितीय कोशकी रानी व महक जैन रही। साफा बांधने में सपना कुंवर प्रथम व सुहानी पालीवाल द्वितीय स्थान पर रही। निर्णायक खुशबू, डॉ राजश्री शेखावत, डॉ राकेश बागोटिया रहे। इस दौरान डॉ उषा शर्मा, डॉ विभा शर्मा और डॉ अनिल कालोरिया ने भी अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। संचालन डॉ संतोष भंडारी ने किया। आभार डॉ मीनाक्षी बोहरा ने ज्ञापित किया।

# विद्यार्थी अपने जीवन में सच्चाई और समय का सदुपयोग करें : प्रशिक्षु पालीवाल



**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही कस्बे में पीएम श्री नंदलाल जोशी राउमावि में राष्ट्रीय आविष्कार योजना अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ वार्ता कार्यक्रम में प्रशिक्षु सहायक कलेक्टर आरएएस लतिका पालीवाल ने वार्ता की। प्रभारी राम गोपाल आचार्य ने बताया कि मुख्य अतिथि एवं वार्ताकार आरएएस प्रशिक्षु सहायक कलेक्टर लतिका पालीवाल ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि सफलता प्राप्त करने के लिए जीवन में कई सारे नियमों का पालन करना होता है इसके लिए कठिन परिश्रम, लगन, धैर्य, सच्चाई और समय का सदुपयोग करने की जरूरत होती है। जीवन का कोई पड़ाव हो या कोई भी क्षेत्र हो हर कोई अपनी जिंदगी में आगे बढ़ना चाहता है और सफलता पाना चाहता हैं लेकिन सफल वही होता है जो अपने लक्ष्य के प्रति जागरुक है। वार्ताकार ने छात्रों को जादू-टोने और अंधविश्वासों से दूर रहते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। संस्था प्रधान उमेश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर पूरी ईमानदारी से लक्ष्य प्राप्ति के लिए जुट जाने की प्रेरणा दी। उप प्रधानाचार्य कृष्ण गोपाल नंदवाना ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस दौरान उप प्राचार्य रोशनलाल रैगर, निवेदिता शर्मा, आनंदिता व्यास, मुरारी लाल मीणा, करुणा सोनी, अंजना पंचोली, सुरेश कुमार कीर, जीतराम मीणा, सुरेशचंद्र पूर्बिया, कैलाश रेगर, सिमरन चुंडावत, पूजा ताम्रकार, यशवंत शर्मा, दुर्गा खटीक, पुष्पा रेगर, सपना खींची, संपत कुमारी उपस्थित थे।

# सद्भाव, समरसता के साथ प्रकृति मित्र जीवन एक भारत श्रेष्ठ भारत का आधार : श्रीमाली



**राजसमंद (पुकार)।** सामाजिक समरसता, कौमी एकता और प्रकृति मित्र जीवन संस्कृति एक भारत श्रेष्ठ भारत का आधार है जिसे आत्मसात कर इस लक्ष्य को अर्जित किया जा सकता है। यह विचार राजसमंद झील संरक्षण अभियान के सूत्रधार समन्वयक दिनेश श्रीमाली ने शुक्रवार को नौचोकी पर दसवीं राज बटालियन राजस्थान एनसीसी राष्ट्रीय शिविर द्वारा आयोजित ऐतिहासिक, प्राकृतिक धरोहर अवलोकन संरक्षण संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किए। श्रीमाली ने कहा कि अनुशासन, कार्य के प्रति समर्पण, मजबूत संकल्प और उसे साधने की निष्ठा सफलता के कारक है। इस अवसर पर श्रीमाली ने मेवाड़ के इतिहास, राजसमन्द झील निर्माण, स्थापत्य और संरक्षण के प्रयास पर भी प्रकाश डाला। संगोष्ठी में कमान अधिकारी विपुल बयां, ललित, विंग कमांडर मनीष, एनसीसी अधिकारी ओमप्रकाश जैन भी उपस्थित रहे। इस शिविर में तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और राजस्थान के 600 कैडेट भाग ले रहे हैं। संगोष्ठी के अंत में विंग कमांडर मनीष ने आभार ज्ञापित करते हुए पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, इतिहास, स्थापत्य कला संरक्षण में सभी को संकल्प बद्ध कार्य करने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### रोहित पालीवाल बने राजस्थान पटवार संघ के जिलाध्यक्ष



रोहित पालीवाल

**राजसमंद(पुकार)।** जिला मुख्यालय पर आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में रोहित पालीवाल को सर्वसम्मति से राजस्थान पटवार संघ के नए जिलाध्यक्ष चुना गया है। बैठक में जिले के सभी पटवारियों ने भाग लिया। जिला उपाध्यक्ष पद पर जयसिंह जाट और जिला खेल मंत्री पद पर नीरज पालीवाल को चुना गया है। नए जिलाध्यक्ष रोहित पालीवाल ने कहा कि वें पटवारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सरकार के समक्ष ज्ञापन देंगे और उनके समाधान के लिए प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने जीर्ण-शीर्ण पटवार मंडलों के निर्माण के लिए जिलाधीश से मिलकर आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। बैठक में प्रदेश से आ रही गिरदावरी से संबंधित समस्याओं पर भी चर्चा की गई और जिलाधीश ने इन समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने पटवार संघ को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। ज्ञात रहे कि पूर्व जिलाध्यक्ष पवन जोशी के भू-अभिलेख निरीक्षक बनने के कारण यह पद रिक्त हुआ था। बैठक में कानून सलाहकार नीरज शर्मा और देवीसिंह राजपूत भी मौजूद रहे। देवीसिंह राजपूत ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रोहित पालीवाल का स्वागत किया।

### सनवाड़ में आज निकलेगी कलश शोभायात्रा

**गोरक्षक गौशाला में चार दिवसीय अनुष्ठान के तहत नानी बाई रो मायरो कथा कल से**

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती सनवाड़ में स्थित गोरक्षक गौशाला में मकर संक्रांति पर आयोजित किया जा रहे हैं चार दिवसीय विशेष अनुष्ठान में शनिवार को कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। गौशाला



संस्थान के अनुसार कलश की शोभायात्रा प्रातः 9:30 बजे राजनगर स्थित फव्वारा चौक से भोलेनाथ की पूजा अर्चना के बाद रवाना होगी। बैंड-बाजे व डीजे के साथ निकाली जाने वाली शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां भी शामिल की जाएगी। शोभा यात्रा हाईवे से होकर सनावड़ के मुख्य मार्ग एवं आर स्कूल से होकर गोरक्षक गौशाला संस्थान पहुंचकर संपन्न होगी। वहीं चार दिवसीय अनुष्ठान के तहत रविवार से तीन दिवसीय नानी बाई रो मायरो कथा का शुभारंभ होगा। इसमें को संत जगदीश गोपाल की शिष्या साध्वी आराधना गोपाल सरस्वती अपने श्रीमुख से तीन दिन तक नानी बाई का मायरा कथा सुनाएंगी। वहीं 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर सुरभि महायज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा। अनुष्ठान को लेकर संस्थान के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंप कर तैयारियां की जा रही है। कथा को लेकर गौशाला संस्थान में विशाल पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही मकर संक्रांति पर गो भक्तों की ओर से किए जाने वाले दान पुण्य एवं तुलादान आदि के लिए भी विशेष व्यवस्थाएं की जा रही है।

### हरि कृपा प्रसादी का आयोजन 14 जनवरी को

**राजसमंद (पुकार)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोकुल नगर विकास समिति नई आबादी कांकरोली की ओर से स्थानीय नील कंठ महादेव मंदिर प्रांगण मे हरि कृपा प्रसादी का आयोजन 14 जनवरी 2025 को किया जाएगा। जिसमे करीब 1000 लोगो को निःशुल्क भर पेट भोजन कराया जाएगा। अन्न दान महादान के भाव से समिति विगत 22 वर्षों से यह आयोजन कर रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे भगवान महादेव को भोग आरती के साथ होगा।

### सैन नवयुवक मंडल विकास समिति की बैठक कल

**राजसमंद (पुकार)।** सैन नवयुवक मंडल विकास समिति राजसमन्द की बैठक रविवार को प्रातः 11 बजे भावा स्थित भेरूजी के मंदिर पर आयोजित की जाएगी। मंडल कोषाध्यक्ष बाबूलाल सेन व प्रवक्ता प्रमोद सेन ने बताया कि इस बैठक में छात्रावास निर्माण को लेकर चर्चा की जाएगी व सालभर का लेखा-जोखा पेश किया जाएगा।

### समुद्रोत्सव 2025 प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने पर कार्मिकों को किया सम्मानित

**राजसमंद (पुकार)।** पोरबन्दर गुजरात में श्रीराम सी स्वीमिंग क्लब की ओर से गत दिनों आयोजित राष्ट्रीय स्तर की तैराकी प्रतियोगिता समुद्रोत्सव 2025 में जिला कार्यालय कोषाधिकारी के 05 प्रतिभागी ने स्पर्द्धा में भाग लिया। जिसमें पैरा स्वीमर जगदीशचन्द्र तेली के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा तैराकी की विभिन्न स्पर्द्धाओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 5 किलोमीटर पैरा सी स्वीमिंग में कार्यालय के कनिष्ठ लिपिक जगदीश चन्द्र तेली ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। साथ ही अपनी दूसरी स्पर्द्धा 1 किलोमीटर तैराकी में दूसरा स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 1 किलोमीटर पैरा में सहायक प्रोग्रामर भेरूलाल सुथार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते 17वां स्थान प्राप्त किया। जगदीश चन्द्र तेली के नेतृत्व में 1 किलोमीटर आयु वर्ग में 14 से 30 वर्ष महिला वर्ग में कनिष्ठ लिपिक सुमन मुडोतिया एवं आयु वर्ग 30 से 45 वर्ष में सहायक लेखाधिकारी द्वितीय रणजीत सिंह चदाणा, राकेश सुथार, यशवन्त कुमावत, कम्पयूटर ऑपरेटर नारायण लाल गुर्जर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल एवं प्रमाण पत्र प्राप्त किया, जो राजसमन्द जिले के लिए बहुत की गौरव की बात है। मेडल प्राप्त करने पर कार्मिकों को कोषाधिकारी विशाल अग्रवाल एवं अतिरिक्त कोषाधिकारी सुन्दर लाल मण्डोवरा, ओम प्रकाश, राकेश शर्मा, अन्नपूर्णा आचार्य, आशीष कुमावत एवं मोतीलाल कारपेन्टर ने सम्मानित किया।

### मकर संक्रांति खेलकूद प्रतियोगिता व प्रतिभावान सम्मान समारोह 13 व 14 जनवरी को

**राजसमंद (पुकार)।** कुमावत समाज राजसमंद की ओर से मकर संक्रांति पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय जिला स्तरीय मकर संक्रांति खेलकूद प्रतियोगिता व प्रतिभावान सम्मान समारोह 13 व 14 जनवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा। मीडिया प्रभारी अशोक कुमावत ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुमावत समाज की दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में कब्बड्डी व वॉलीबॉल और मंगलवार 14 जनवरी को प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी कुमावत समाज रुणपछौर चौकी संस्थान के खेलमंत्री चंदू साडिवाल ने दी।

### जनवि कक्षा 6 के प्रवेश चयन परीक्षा 2025 का एडमिट कार्ड जारी

**राजसमंद(पुकार)।** नवोदय विद्यालय समिति की ओर से 18 जनवरी 2025 को जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2025 कक्षा-6 के लिए एडमिट कार्ड नवोदय विद्यालय समिति की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हो गए हैं। परीक्षा जिले में 28 परीक्षा केन्दों पर आयोजित होगी। प्राचार्य घनश्याम मीणा ने बताया कि प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति की अधिकारिक वेबसाइट से ही डाउनलोड कर, फेक डाउनलोड प्रवेश पत्रों से बचें। परीक्षार्थी परीक्षा के दिन 18 जनवरी 2025 को परीक्षा केन्द्र पर मूल प्रवेश-पत्र के साथ आधार कार्ड अथवा परिचय-पत्र अवश्य साथ लेकर आए।

**इन केन्द्रों पर होगी परीक्षा**

परीक्षा जिले के स्वामी विवेकानंद रा मोडल विद्यालय भीम, राबाउमावि भीम, राउमावि भीम, स्वामी विवेकानंद रा मोडल विद्यालय देवगढ़, राउमावि देवगढ़, रावत नाहरसिंह राबाउमावि देवगढ़, स्वामी विवेकानंद रा मोडल विद्यालय आमेट, राउमावि आमेट, स्वामी विवेकानंद रा मोडल विद्यालय कुम्भलगढ़, महाराणा कुम्भा राउमावि केलवाडा, राउमावि चारभुजा, राबाउमावि चारभुजा, श्रीबालकृष्ण विद्या भवन राउमावि कांकरोली, महात्मा गांधी राउमावि राजनगर, राबाउमावि धोबी गली राजनगर, राबाउमावि आसोटिया कांकरोली, स्वामी विवेकानंद रा मोडल विद्यालय केलवा, राबाउमावि धोइंदा, स्वामी विवेकानंद रा मोडल विद्यालय रेलमगरा, राउमावि रेलमगरा, राबाउमावि राजसमन्द, महात्मा गांधी राउमावि बड़ा बाजार नाथद्वारा, राबाउमावि नाथद्वारा, जीकेडी राउमावि नाथद्वारा, महाराणा प्रताप राउमावि खमनोर, अम्बालाल सिरोहिया राबाउमावि देलवाडा, राउमावि देलवाडा, श्री दीपचंद पालीवाल रा आदर्श उमावि उपली ओडन नाथद्वारा में आयोजित की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें...

### आकोला नगरपालिका द्वारा सीसी रोड़ नवनिर्माण कार्य का शुभारंभ



**आकोला।** नवनिर्मित नगरपालिका में विकास के लिए स्वीकृत हुए सीसी रोडों का कार्य जनप्रतिनिधियों द्वारा शुभारंभ किया गया। जनप्रतिनिधियों व सरकार द्वारा स्वीकृत हुई सीसी सड़क नीम चौक घरवा की घाटी से प्यारा लाल कुम्हार के घर तक, मोतीलाल गौड़ के घर से शंकर भाटी के घर तक, वार्ड नंबर पटवा मोहल्ला, अखाड़ा चौक से बाजार की घाटी, जवाहरनगर थाने के पिच्छे बाबु लाल नाई के घर से विद्यालय दीवार तक सहित आठ सीसी रोडों की स्वीकृति हुई जिसका जनप्रतिनिधियों ग्रामीणों द्वारा शुभारंभ किया गया। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष तारा मालीवाल, नगर मंडल अध्यक्ष शंकर साहु, वार्ड पंच पिंटू टेलर, रामलाल खटीक, राजेश जोशी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### आकोला में नवनियुक्त नगर मंडल अध्यक्ष का माली समाज द्वारा स्वागत



आकोला । विधानसभा क्षेत्र कपासन के आकोला नगरपालिका भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का भोई माली समाज द्वारा मालियों का मंदिर पर माली समाज द्वारा स्वागत किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश भाजपा संगठन पर्व कमेटी के निर्णयानुसार जिला चुनाव अधिकारी डॉ मुकेश गर्ग ने आकोला नगरपालिका का पहलीबार नगर मंडल अध्यक्ष पद पर आकोला मंडल अध्यक्ष पद नियुक्ति की गई। सांवलियाजी दर्शन करने के बाद सायंकाल रात्रि में मालियों के मंदिर पर माली समाज द्वारा नगर अध्यक्ष शंकर साहु का माल्यार्पण साफा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर भगवान लाल माली, छोगा लाल, कैलाश, अर्जुन, भगवत माली, देवी लाल, हर लाल, बाबूलाल, लटूर माली, भंवर लाल, बद्री लाल, खुमान, भावेश नरेश माली सहित भाजपा नेता श्याम लाल नाई, भेरूलाल जाट, शंकरलाल मालीवाल, हिम्मत टांक आदि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव रविवार को

**चित्तौड़गढ़ ।** जिला स्तरीय रोजगार उत्सव का आयोजन 12 जनवरी, रविवार को प्रातः 10 बजे इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इस दौरान भजनलाल मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा नवनियुक्त कार्मिकों से वर्चुअली संवाद कर उन्हें संबोधित करेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्य आवंटित करते हुए समुचित इंतजाम करने के निर्देश दिए गए है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं जिला कोषाधिकारी दिग्विजय सिंह झाला ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नवनियुक्त कार्मिकों से संवाद करने के साथ ही उन्हें संबोधित भी करेंगे। जिन नवनियुक्त कार्मिकों ने अभी तक नियुक्त पद पर कार्य ग्रहण नहीं किया है, वे अपने गृह जिले के रोजगार उत्सव में शामिल होंगे, जबकि कार्यग्रहण कर चुके कार्मिक अपने पदस्थापन वाले जिलों से कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# सलूंबर में हर्षोल्लास से मनाया जायेगा गणतंत्र दिवस कलक्टर ने ली बैठक, जिला स्तरीय अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**सलूंबर (पुकार)।** जिला मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस को धूमधाम, हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाए जाने एवं जिला स्तरीय मुख्य समारोह को आकर्षक बनाने के लिए सभी अधिकारी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। शुक्रवार को जिला कलेक्टर कक्ष मे गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियो से संबंधित बैठक को संबोधित करते हुये जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने यह बात कही।उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सौपी गई जिम्मेदारी को समय पर पूरी करें तथा पूर्व संध्या पर सरकारी भवनों पर रोशनी की व्यवस्था करावें। उन्होंने बताया कि मुख्य समारोह में महामहिम राज्यपाल के संदेश का वाचन किया जायेगा। समारोह में जिला मुख्यालय संचालित सभी सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने संस्था प्रधानों एवं अधिकारियों से कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर अपने



कार्यालयों पर समय पर ध्वजारोहण करें ओर इसके बाद सभी शिक्षक, अधिकारी एवं कार्मिक मुख्य समारोह में आवश्यक रूप से उपस्थित होंवें। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि मुख्य समारोह के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा टैक्टर ट्रोली में उत्कृष्ठ श्रेणियों की झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। झांकियों में विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यो, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी का प्रदर्शन किया जायेगा। जिला कलक्टर ने कहा कि राष्टीय पर्व के अवसर पर झांकियों में नई झलक दिखाते हुये 25 जनवरी तक पूर्ण करावें। बैठक में अति. जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का प्रबंध एवं व्यवस्था, स्वागत, सफाई व्यवस्था, पारितोषिक एवं प्रशंसा पत्र चयन, पारितोषिक वितरण, झांकिया का प्रदर्शन,मंच संचालन,खेलकूद आयोजन और मैदान में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समितियों का गठन किया। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय समारोह में शारीरिक व्यायाम के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इसमें देश भक्ति कार्यक्रमों की झलक प्रदर्शित की जायेगी। जिला मुख्यालय पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सलूंबर में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में पुलिस के जवानों, एमबीसी,स्काउट व गाईडो, विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट व परेड की जायेगी। मार्च पास्ट व परेड का नेतृत्व पुलिस विभाग के संबंधित द्वारा किया जायेगा। बैठक में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत, एसडीम पर्वत सिंह चुंडावत, तहसीलदार मयूर शर्मा, आयुक्त गणपत लाल खटीक, डीओआईटी जीवन राम मीणा,पीआरओ पुष्पक मीणा, जिला समाज कल्याण अधिकारी हेमन्त खटीक, डीटीओ सुरेन्द्र सिंह गुलिया, सीएमएचओ डॉ संपत मीणा, पशु पालन विभाग डॉ हरिकेश मीणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 परवाह, छात्र-छात्राओ ने रैली का आयोजन कर दिया संदेश



**सलूंबर (पुकार) ।** सड़क सुरक्षा माह जनवरी 2025 के दौरान आज सलुम्बर शहर में जिला परिवहन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह गुलिया एवं यातायात पूलिस प्रभारी देवीदयालसिंह के देख-रेख मे कॉची एजुकेशन एकेडमी सलुम्बर एवं एवीएस स्कुल सलुम्बर के विधार्थियों के द्वारा रैली तालाब की पाल से प्रारम्भ होकर, गाँधी चौक, बस स्टेण्ड, चुंगी नाका से होते हुए सी. 0सै0 स्कुल सलुम्बर तक आयोजन कर सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया है।इस अवसर पर श्री राजेश कुमार पाठक, परिवहन निरीक्षक, निदेशक धर्मेन्द्रजी, कॉन्स्टेबल महेन्द्रसिंह, सवीया, गणेशजी, अशोक मीणा, साहिल जैन, विरेन्द्रसिंह अशोक मीणा आदि के मौजुदगी रही है।

# भावी पीढ़ी को कैसे बनाए जीनियस कार्यशाला 12 को शोधकर्ता एवं बाल विशेषज्ञ रमेश परतानी हैदराबाद देंगे टिप्स



**भीलवाड़ा (पुकार) ।** अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा की फ्लैगशिप योजना के तहत भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा एवं दक्षिणी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के तत्वावधान मे आयोजित अपनी भावी पीढ़ी को बनाए जीनियस कार्यशाला दिनांक 12 जनवरी रविवार को रामेश्वरम भवन, हरणी महादेव रोड भीलवाड़ा में दोपहर तीन से छह बजे तक आयोजित होगी। इस सेमिनार को लेकर शहर सहित सभी तहसील माहेश्वरी सभाओं मे व्यापक उत्साह का वातावरण हैं। जिला मंत्री रमेश राठी ने बताया की भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष अशोक बाहेती के नेतृत्व में आयोजित कार्यशाला मे शोधकर्ता एवं बाल विशेषज्ञ रमेश परतानी हैदराबाद द्वारा माहेश्वरी समाज के युवा दंपतियों, दादा-दादी, नाना नानी, काका काकी अभिभावकों को आने वाली भावी पीढ़ी को कैसे बनाए जीनियस पर टिप्स देंगे। कार्यक्रम संयोजक सुशील मरोटिया ने बताया की कार्यशाला को लेकर अभिभावकों के साथ ही छात्र - छात्राओ मे उत्साह का माहौल है। कार्यशाला को लेकर लगातार पंजीयन हो रहे है। शहर ही नही अपितु गांवो व कस्बो मे भी उत्साह देखने को मिल रहा हे। लगभग 2500 समाज जनो का पंजीयन किया जा चुका है। कार्यशाला की आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप देने मे वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रदीप बल्दवा के साथ ही कार्यक्रम सह संयोजक राजेन्द्र पोरवाल, राजेन्द्र प्रसाद बिडला, कार्यक्रम समन्वयक संजय जागेटिया, महेन्द्र काकानी, प्रमोद कुमार डाड सहयोग प्रदान कर रहे है।

## गुंदली में आयोजित हुआ एसएमसी एसडीएमसी सदस्यों का प्रशिक्षण

# ब्लॉक केआरपी मंडोवरा ने एसएमसी एसडीएमसी सदस्यों की भूमिका पर दिया विस्तृत प्रशिक्षण



**भीलवाड़ा (पुकार) ।** जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुंदली में विद्यालय प्रबंधन एवं विकास में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए एसएमसी और एसडीएमसी सदस्यों का प्रशिक्षण आयोजित हुआ। कार्यवाहक प्रधानाचार्य मुरलीधर अहीर ने बताया कि प्रशिक्षण के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच शंभू लाल गुर्जर थे। सामुदायिक गतिशीलता अंतर्गत एसएमसी एसडीएमसी सदस्यों के दो दिवसीय प्रशिक्षण में ब्लॉक केआरपी महेश मंडोवरा ने पंचायत क्षेत्र अधीन समस्त विद्यालयों के एसएमसी व एसडीएमसी को उनके अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी दी। ब्लॉक केआरपी मंडोवरा ने सदस्यों की क्षमता का विकास करने, विद्यालय विकास में उनकी भूमिका, नामांकन, ठहराव, एमडीएम, जनसहयोग,विद्यालय विकास योजना निर्माण, बाल संरक्षण, समग्र शिक्षा आदि में एसएमसी एसडीएमसी सदस्यों की भूमिका पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में कन्हैयालाल शर्मा, संजीव मेहता, सुनीता मिश्रा, सुशीला बघेरवाल, रामेश्वर लाल धोबी, मोहनलाल रेगर, श्यामलाल सुथार, महावीर सेन, दिनेश गाडरी, रिचा यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। प्रशिक्षण की समस्त व्यवस्थाओं में सत्यनारायण खटीक और श्यामलाल बिश्नोई का सहयोग रहा। अंत में कार्यवाहक प्रधानाचार्य मुरलीधर अहीर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सर्वाईकल कैंसर का द्वितिय चरण 12 को

**भीलवाड़ा।** श्री नगर माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा द्वारा 15 से 26 वर्ष कि युवतियों को द्वितीय सर्वाइकल कैंसर का निःशुल्क टीकाकरण का शिविर सोनी हॉस्पिटल में आयोजित किया जाएगा। नगर अध्यक्ष केदार गगरानी ने बताया कि शिविर 12 जनवरी को प्रातः 10 से 1 बजे तक सोनी हॉस्पिटल में लगाया जाएगा। जिसमें 15 से 26 साल की 175 किशोरियों के द्वितीय वैक्सीन लगायी जाएगी।

# आईसीएआई भीलवाड़ा शाखा द्वारा आयोजित 5 दिवसीय सीए क्रिकेट लीग 2025 का शुभारंभ





**भीलवाड़ा ।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की भीलवाड़ा शाखा द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित सीए क्रिकेट लीग 2025 का शुभारंभ आज बड़े उत्साह और जोश के साथ चित्तोड़ रोड स्थित सुखाडिया स्टेडियम पर किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर सीए नामित मेहता ने विजेता और उपविजेता ट्रॉफी का अनावरण किया। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र गोखरू, इनकम टैक्स ऑफिसर वैभव अग्रवाल, और आईसीएआई के रीजनल काउंसिल सदस्य सीए निर्भीक गांधी उपस्थित रहे।

शाखा अध्यक्ष सीए सोनेश काबरा ने स्वागत भाषण देते हुए टूर्नामेंट के महत्व और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के बीच खेल भावना को बढ़ावा देने पर प्रकाश डाला। 120 सीए सदस्य इस टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर ने कहा कि इस तरह के आयोजन पेशेवरों को न केवल मानसिक बल्कि शारीरिक रूप से भी फिट रहने के लिए प्रेरित करते हैं।

कार्यक्रम के संयोजक सीए नरेश जागेटिया और सीए दिनेश आगाल ने बताया कि टूर्नामेंट के प्रथम दिवस पर चार मैच खेले गए।

**पहला मैच» टीम भूमि स्ट्राइकर्स बनाम टीम सहदेव क्रशर्स**

टीम भूमि स्ट्राइकर्स ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। टीम सहदेव क्रशर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 79 रन बनाए। टीम भूमि स्ट्राइकर्स ने 9.4 ओवर में 81 रन बनाकर जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच और बेस्ट बॉलर» सीए रोहित पोरवाल बेस्ट बल्लेबाज» सीए शुभम माहेश्वरी रहे।

**दूसरा मैच» टीम श्री राम क्लब बनाम टीम चेयरमैन चैम्पियन**

टीम श्री राम क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 12 ओवर में 79 रन बनाए। चेयरमैन चैम्पियन टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 12 ओवर में 66 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैचः सीए अंकित अग्रवाल, बेस्ट बल्लेबाजः सीए अक्षत कचोलिया एवं बेस्ट बॉलरः सीए क्रांति चौधरी रहे।

**तीसरा मैच» टीम जैनम फेब बनाम टीम पिच पैंथर**

टीम पिच पैंथर ने टॉस जीतकर फील्डिंग का निर्णय लिया। टीम जैनम फेब ने 12 ओवर में 103 रन बनाए। पिच पैंथर 96 रन ही बना सकी और जैनम फेब ने 6 रन से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच» सीए प्रद्युमन न्याती, बेस्ट बल्लेबाज» सीए पंकज भूरा, बेस्ट बॉलर» सीए शुभम मूंदड़ा रहे।

**चौथा मैच» टीम संगम प्लाईवुड बनाम टीम राम सेना के बीच खेला गया**

टीम राम सेना ने टॉस जीतकर पहले फीलिडिंग करी। एवं टीम संगम प्लाईवुड ने 12 ओवर में 6 विकेट खो कर 83 रन का लक्ष्य खड़ा किया जिसे चेज करते हुए टीम राम सेना ने 12 ओवर में 4 विकेट खो कर 70 रन हि बनाये । तथा टीम संगम प्लाईवुड ने 12 रन से जीत हासिल करी। मैन ऑफ द मैच» सीए शुभम चेचाणी, बेस्ट बल्लेबाज एवं बेस्ट बॉलर सीए अक्षत पोखरना रहे ।

कार्यक्रम में सीए नवीन वागरेचा, अशोक जैथलिया, नवनीत तोतला, अक्षय सोडानी, मोहित लड्ढा, दिनेश सुथार, हरीश सुवालका, सुनील सोमानी, हार्दिक आगाल, संतोष परवाल, रमेश चंद्र व्यास, अर्चित तोतला, शिव कचोलिया, सहित लगभग 150 चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्य उपस्थित रहे।

यह टूर्नामेंट चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के बीच सामूहिकता, प्रतिस्पर्धा और खेल भावना को प्रोत्साहन देने का एक अद्भुत प्रयास है। एवं इसका लाइव प्रसारण भी किया जा रहा है।

# प्रदेशाअध्यक्ष एवं साक्षरता अधिकारी पुष्करना ने शिक्षकों से की मुलाकात

**आकोला (पुकार) ।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रदेशाअध्यक्ष रमेश चन्द्र पुष्करना ने पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार उपशाखा भूपालसागर पधारने शिरकत करने पर ब्लॉक के सभी वर्तमान, पूर्व पदाधिकारियों और सभी शिक्षकों द्वारा ढोल-नगाडो़ के साथ स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। साथ मे संभागीय संगठन मंत्री रमेश पुरोहित, सभाध्यक्ष तेजपाल सिंह शक्तावत, जिलाध्यक्ष पूरण मल लौहार, जिला उपसभाध्यक्ष मुकर्रम अली, सेवानिवृत्त व्याख्याता राम लाल खटीक आदि उपस्थित थे। उपशाखा अध्यक्ष सुबेसिंह ने पुष्करना का मेवाड़ी परम्परा अनुसार कोठारी वाटिका मे साफा एवं फूलमाला द्वारा स्वागत किया गया। साथ ही अन्य सभी अतिथियों का मेवाड़ी पगड़ी एवं उपरना पहनाकर स्वागत किया गया। सीबीईओ प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह चूण्डावत ने स्वागत उद्बोधन तथा शिक्षकों की विभिन्न मांगो को रखा। प्रदेशाअध्यक्ष पुष्करना ने एक वर्ष के अंतर्गत संगठन द्वारा किए गए कार्य पदोन्नतियां, स्थानान्तरण, वेतन विसंगति आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला और सरकार से हर वर्ग की बची हुई पदोन्नतियां और संविदा कर्मियों के नियमितीकरण, शारीरिक शिक्षकों की



पदोन्नतियां आदि सरकार के समक्ष रखकर पूर्ण करने का आश्वासन दिया। साथ ही बताया की आपकी सेवाओ के बदले आपकी मांगो और सुविधाओं को बढाया ही जाएगा। शिक्षकों से अपने क्षेत्र मे विद्यार्थियों को सुनागरिक बनाकर भारत को विश्व गुरू बनाने और राष्ट को 2047 तक विकसित राष्ट बनाने मे पूर्ण सहयोग देने का आह्वान किया। साथ ही पूर्व उपशाखाध्यक्ष मुरलीधर शर्मा ने शिक्षकों की विभिन्न मांगो का शीघ्रनिराकरण करवा कर राहत प्रदान करने पर विचार रखे। साथ ही संभाग संगठन मंत्री एवं जिला अध्यक्ष पूर्णमल लौहार ने सांवरिया सेठ की नगरी में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय सम्मेलन मे अधिक से अधिक संख्या मे शिक्षकों को पधारने एवं सहयोग देने का आह्वान किया। सभाध्यक्ष तेजपाल ने शिक्षकों से संगठित रहकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शाखा से उप सभाध्यक्ष सत्यनारायण भट्ट, मंत्री रमाकांत त्रिपाठी, महिला मंत्री प्रियंका बिड़ला, व्याखाता अर्जुनलाल खटीक, मुकेश चंद्र तिवाड़ी, सुभाष निठारवाल, महेश, गौतम, दिनेश कुमावत, निर्मल सारडीवाल, सुधीर, रोहित मीणा, रवि शर्मा, आरपी ओंमप्रकाश खटीक, निहाल सिंह सहित अनेक शिक्षक उपस्थित थे। कार्य म का संचालन मुरलीधर शर्मा ने किया। अंत मे उपशाखा अध्यक्ष सुबेसिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# साधु साध्वियों के दर्शन सेवा यात्रा



**आमेट (पुकार) ।** तेरापंथ सभा के पांच सदस्य ने तेरापंथ के सेवा केंद्र में विराजीत साधु- साध्वीयो की सेवा दर्शन के लिए प्रस्थान किया। नोखा में प्रवासित शासन गौरव बहुश्रुत साध्वी राजीमती ठाणा 8 व साध्वी विशद प्रज्ञा ठाणा 4 के दर्शन किये। जोरावर पुर में उग्रविहारी तपोमूर्ति कमल मुनि के प्रवचन व सुखसता पूछी। वहां से मुनि सुमति कुमार ठाणा 3 व मुनि श्रेयांश कुमार ठाणा 3 कि सेवा की। साध्वी चरित्रार्थ प्रभा व साध्वी प्रांजल प्रभा ठाणा 23 की सेवा कर उन्होंने सभी वृद्ध साध्वियों माईतों से परिचय करवाया। वहां से बीकानेर में साध्वी श्री संयम ठाणा 5 की सेवा की। कालू गांव में 107 वर्ष की सेवा मेवाड़ के साध्वी श्री बिदामा व साध्वी श्री उज्जवल रेखा ठाणा 6 के दर्शन कर सुख साता पूछी। डूंगरगढ़ सेवा केंद्र में साध्वी कुंथु श्रीजी व साध्वी श्री संघ प्रभा की ठाणा 13 के दर्शन किये।मुनि श्री देवेंद्र कुमार जी ठाणा 2के दर्शन कीये। बिदासर समाधि केंद्र में सभी सिंघाडापती साध्वी श्री साधना श्री जी आदि ठाणा 20 के दर्शन कर सेवा सुखसता पूछी। छापर में तपोमूर्ति मुनि श्री पृथ्वीराज ठाणा 5 के दर्शन कर सेवा की। लाडनूं जैन विश्व भारतीय पहुंचे वहां शासन साध्वी श्री कल्पलता ठाणा 12 व सेवा केंद्र में प्रमिला श्रीजी आदि 12 के दर्शन कर सुख सत्ता पूछी। मुनि श्री रंणजीत कुमार जी एवं मुनि श्री जयेश कुमार जी ठाण 6 के दर्शन किए। सभी जगह इतनी अच्छी सेवा कर के सुख की अनुभुति हुई।अंत में पुष्कर तीर्थ ब्रह्मा जी के दर्शन करते हुए आमेट पहुंचे । इस यात्रा में तेरापंथ सभा पूर्व अध्यक्ष लाभचंद हिंगड़, महेंद्र कुमार बोहरा, निवर्तमान अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मेहता, कार्यवाही अध्यक्ष देवेंद्र कुमार बाफना, उपाध्यक्ष ज्ञानेश्वर मेहता आदि ने यात्रा सेवा का लाभ लिया।

# नीलामी प्रक्रिया, 55 जब्त वाहनों को नीलाम करने की तैयारी

**चित्तौड़गढ़।** वाणिज्यिक कर विभाग में जी.एस.टी. पंजीकृत फर्मों, व्यक्तियों हेतु चित्तौड़गढ़ जिले के विभिन्न पुलिस थानों में एनडीपीएस एक्ट 1985 में जब्तशुदा 55 वाहनों को माननीय न्यायालय द्वारा धारा 52ए (2) एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही के बाद सक्षम अधिकारियों की उपस्थिति में 23 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे नीलामी थाना सदर निंबाहेड़ा पर नीलाम कर विक्रय किया जाएगा। उक्त नीलामी निर्धारित कमेटी द्वारा की जाएगी। वाहन की नीलामी से संबंधित पूर्ण शर्तें एवं वाहनों की सूची विभागीय वेबसाईट http://chittorgarhpolice.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध हैं एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय पुलिस अधीक्षक चित्तौड़गढ़ व विजयपुर, कपासन, राशमी, बस्सी, पारसोली, भूपाल सागर, भैसरोडगढ़, सदर निंबाहेड़ा, बेंगू, जावदा, सदर चित्तौड़गढ़, शंभूपुरा, आकोला में देखी जा सकती हैं एवं उक्त थानों पर नीलामी योग्य वाहन जहां खड़े हुए हैं, जैसी स्थिति में हैं, देखे जा सकते हैं को नीलाम किया जाएगा। यह जानकारी जिला पुलिस अधीक्षक ने दी।

# दूरस्थ ग्राम पंचायत खुदरड़ा में जिला कलक्टर सिंह ने सुनी परिवेदनाएं

## ●खेल मैदान बनवाने की मासूम मनुहार पर कलक्टर ने कहा जरूर बनवायेंगे खेल मैदान

**डूंगरपुर(पुकार)।** नन्हे मुन्ने बच्चें जब बिना किसी लिखित प्रार्थना पत्र के यूं ही सीधे दौड़कर जिला कलक्टर के पास पहुंचे और बिना हिचक के जिला कलक्टर से कहां कि कलक्टर साहब हम बच्चों के खेलने का मैदान बनवा दो तो उनके इस मासूमियत भरें अंदाज से प्रभावित होकर जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने भी पूरे अपनेपन के साथ उनसे बातचीत करते हुए कहां कि खेल मैदान जरूर बनेंगा और तत्काल तहसीलदार को खेल मैदान बनवाने हेतु आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। यह नजारा नजर आया डूंगरपुर जिला मुख्यालय से दूरस्थ ग्राम पंचायत खुदरड़ा पंचायत समिति आसपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को आयोजित रात्रि चौपाल में। जहां पर बड़ी संख्या में ग्रामवासियों के साथ ही पूरे उत्साह के साथ बच्चों ने भी भाग लिया।



डूंगरपुर। चौपाल में परिवादियों से परिवेदना सुनतें जिला कलक्टर सिंह। फोटोंः चन्द्रमौली चौबीसा

चौपाल में जब कलक्टर एक-एक कर परिवादियों से परिवेदना सुनकर उसके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों से तथ्यात्मक जानकारी लेते हुए निस्तारण के निर्देश दे रहे थे। इसी बीच नन्हें बच्चों का एक समूह लगभग दौड़कर जिला कलक्टर के पास पहुंचा और खेल मैदान बनवाने की बात कही। उनके इस मासूम अंदाज पर जिला कलक्टर ने उन बच्चों के साथ बच्चे बनकर संवाद करते हुए पूछा कि कौन सा खेल खेलते हो। इस पर अधिकांश बच्चों ने क्रिकेट खेलने की बात कही। जिला कलक्टर ने पूछा कि कौन.कौन बल्लेबाजी करता है तथा गैंदबाजी कौन-कौन करता है। इस पर अधिकांश बच्चों ने दोनों ही बार हाथ उठाकर जानकारी दी। इस पर जिला कलक्टर ने उनको खूब प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सब तो ऑलराउंडर हैं। उन्होंने बच्चों को सभी खेलों के लिए प्रोत्साहित करते हुए खेल मैदान बनवाने हेतु मौके पर ही तहसीलदार को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामवासियों द्वारा मुख्य रूप से सिंचाई, बिजली, पानी, धोरे बनाने, विद्यालय के जर्जर भवन ठीक करवाने, रिक्त पद भरने, विद्यालय में रसोई घर बनवाने, स्नान घाट बनवाने, पट्टा दिलवाने, कनेक्शन दिलवाने, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत करवाने, ट्रांसफार्मर लगवाने संबंधित परिवेदनाओं को प्रस्तुत किया। इस पर जिला कलक्टर के निर्देश पर प्रत्येक परिवेदना के निस्तारण की दिशा में की जाने वाली कार्यवाही एवं अवधि की पूर्ण जानकारी संबंधित विभागाध्यक्ष ने मौके पर ही ग्रामीणों को प्रदान की। रात्रि चौपाल में उपस्थित जन को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि चौपाल रखने का उद्देश्य यह है कि प्रशासन आप तक पहुंच सके तथा अभाव अभियोग को दूर किया जा सके। उन्होंने सिंचाई बिजली, शिक्षा तथा अन्य प्राप्त परिवेदनाओं पर संबंधित अधिकारियों को व्यक्तिशः संपर्क कर एक-एक परिवेदना के निस्तारण करने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़ ने जिला परिषद के माध्यम से जिले में चलाये जा रहें स्वछता अभियान, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजनाए महिलाओं में एनीमिक स्थिति को दूर करने के लिए चलाए जा रहें अभियान की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

रात्रि चौपाल के दौरान सरपंच गीता देवी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़, उपखंड अधिकारी आसपुर योगेंद्र वैष्णव सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी गण मौजूद रहें।

**प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का किया अभिनंदन :-** जिला कलक्टर की अभिनव पहल के तहत जिले में प्रत्येक रात्रि चौपाल के दौरान कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में सर्वश्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का अभिनंदन किया जाता है। इसी के अंतर्गत खुदरड़ा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्षा दसवीं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थी हरीश मेघवाल, कपिल बरोड़, पुष्पा बरोड़ तथा कक्षा 12 वीं ईश्वरलाल बरगोट,भुला कुमारी बरगोट तथा सविता कुमारी माल को पुष्पहार पहना कर एवं कलम प्रदान कर अभिनंदन किया गया। जिला कलक्टर ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उच्च लक्ष्य निर्धारित करते हुए आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

**यह आई परिवेदनाएं :-** सड़क डामरीकरण करवाने,नहर का नवीनीकरण,नहर धोरा सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत करवाने, पक्का धोरा निर्माण करवाने,सड़ा के पड़ौसी गांव उदेला को राजस्व गावं में सम्मिलित करने,घुमंतु कालबेलिया समाज की बस्ती को आबादी भूमि पट्टे जारी करवाने, स्नान घाट का निर्माण, विद्यालय जर्जर भवन का मरम्मत करवाने, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय दाद के रसोई घर का मरम्मत, राप्रावि भागलफला में रसोई घर बनवाने, रिक्त पदों को भरवाने, खेल मैदान निर्माण, जर्जर भवनों को गिराने की स्वीकृति, राजस्व गावं खेराड़िया और पारडा सोलंकी को मिलाकर खेराड़ियों को नवीन ग्राम पंचायत बनवाने, राजकीय प्राथमिक विद्यालय भागल फला में खेल मैदान के लिए भूमि आवंटन करने,ग्राम पंचायत पारड़ा ईटावर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत नल कनेक्शन करवाने, विद्युत ट्रांसफार्मर लगवाने, विद्युत लाइन हटवाने, डामर सड़क बनवाने, पंचायत समिति यथावत रखने से संबंधित परिवेदनाएं प्राप्त हुई। इस पर जिला कलक्टर ने नियमानुसार त्वरित निस्तारण के निर्देश प्रदान किये।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य स्तरीय सिंधी लॅग्वेज लर्निग कोर्स की परीक्षा- 12 को

**डूंगरपुर(पुकार)।** राष्ट्रीय सिंधी विकास परिषद् (एनसीपीएसएल)नई दिल्ली द्वारा भारतीय सिंधु सभा राजस्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सिंधी लॅग्वेज लर्निग कोर्स स्कीम के तहत सिंधी सर्टिफिकेट,एडंवास डिप्लोमा, कोर्स की परीक्षा 12 जनवरी रविवार को आयोजित होंगी। परीक्षा स्थल विद्यानिकेतन माध्यमिक विद्यालय नई बस्ती, डूंगरपुर में किया जायेगा। उक्त परीक्षा में पूरे राज्य में लगभग 4276 प्रतिभागी परीक्षा में भाग लेगे। राजस्थान में सिंधी लॅग्वेज लर्निग कोर्स की परीक्षा जयपुर, अजमेर, उदयपुर, कोटा, भीलवाड़ा, आदि राजस्थान के सभी जिलों में आयोजित होगी। विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र डूंगरपुर में सिंधी अधिगम केन्द्र झुलेलाल भवन डूंगरपुर से प्राप्त कर सकेंगे।

### आयुर्वेद शिविर में मिल रहा है नि:शुल्क उपचार



डूंगरपुर। आयुर्वेद शिविर में निःशुल्क उपचार करते चिकित्सक। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

**डूंगरपुर(पुकार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला आयुर्वेद विभाग,डूंगरपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क शिविरों का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

जिला आयुर्वेद विभाग डूंगरपुर के उप निदेशक डॉ.मनोहर सिंह राव ने बताया कि 10 जनवरी, शुक्रवार तक नवीन रोगी संख्या 464 पुरातन रोगी की संख्या 2902 एवं आईपीडी के 71 रोगी है,जिसमें अर्श रोगी 55,भगदर 5, परिकर्तिका 3, श्वासकास 8 रोगियों को स्वास्थ्य का उपचार दिया गया।

### गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर एसडीएम ने ली बैठक

**आसपुर(पुकार)।** आसपुर में एसडीएम योगेंद्र कुमार वैष्णव की अध्यक्षता में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर उपखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य निर्देश दिए गए कि मंच पर केवल नेम प्लेट वाले अधिकारी और जनप्रतिनिधि ही बैठेंगे। साथ ही क्षेत्र की प्रतिभाओं और साहसिक कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों में विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। कार्यक्रम स्थल पर एम्बुलेंस, चिकित्सा सुविधाएं, बिजली व्यवस्था, पानी, टेंट, और साफसफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। सभी विभागों को अपनी झांकियों के माध्यम से देश के लिए सार्थक संदेश देने के निर्देश दिए गए।



आसपुर। गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक में दिशा-निर्देश देतें एसडीएम। फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

बैठक में एसडीएम योगेंद्र वैष्णव, विकास अधिकारी महेश चौहान, सीबीईओ नारायण लाल जागोटिया, थानाधिकारी दौलत सिंह समेत कई वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

फोटोंः पुकार 05

### टेम्बा गाँव को राजस्व गाँव बनाने की माँग

**विधायक और जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

**डूंगरपुर(पुकार)।** माड़ा ग्राम पंचायत के टेम्बा गाँव को नवीन राजस्व गाँव बनाने की माँग को लेकर ग्रामीणों ने लंबे समय से सरकार और प्रशासन से गुहार लगाई है। टेम्बा गाँवए जो वर्तमान में गैर.राजस्व गाँव हैए विकास योजनाओं और सरकारी सुविधाओं से वंचित है। ग्राम पंचायत माड़ा में कुल चार गाँवकृमाड़ाए टेम्बाए घोड़ाघाट और सामीतेड़कृशामिल हैं। इनमें से माड़ा और घोड़ाघाट राजस्व गाँव हैंए जबकि टेम्बा गाँव को अभी तक राजस्व गाँव का दर्जा नहीं दिया गया है। इसके चलते टेम्बा गाँव को पंचायत विकास के बजट और सरकारी योजनाओं का कोई लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले दस वर्षों से टेम्बा को राजस्व गाँव बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैंए लेकिन राजस्व विभाग ने इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। इससे गाँव के विकास में भारी बाधा उत्पन्न हो रही है। ग्रामीणों ने विधायक गणेश घोघरा और जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपनी माँग रखी है। उन्होंने आग्रह किया है कि टेम्बा गाँव को शीघ्र राजस्व गाँव का दर्जा दिया जाए ताकि इसे सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके और ग्राम पंचायत के विकास में समान भागीदारी हो।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने इस बात पर भी जोर दिया कि माड़ा ग्राम पंचायत का बजट अधिकांशतः माड़ा गाँव में ही खर्च हो जाता हैए जिससे टेम्बा गाँव और उसके निवासियों की स्थिति लगातार उपेक्षित बनी हुई है।

# घर में फंदे से लटकी मिली छात्रा, कोतवाली थाना क्षैत्र के हाउसिंग बोर्ड क्षैत्र का मामला

●पेट दर्द की शिकायत पर स्कूल से जल्दी घर लौटी,

●छोटा भाई के घर पहुंचने पर लगी घटना की जानकारी



डूंगरपुर। घटना के बाद मोहल्ले में जमा क्षैत्रवासीयों की भीड़। फोटोंः चन्द्रमौली चौबीसा

**डूंगरपुर(पुकार)।** शहर के कोतवाली थाना क्षैत्र के हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में 13 वर्षीय छात्रा घर पर फंदे से लटकी मिली। 7वीं में पढ़ने वाली स्टूडेंट पेट दर्द की शिकायत के चलते स्कूल से जल्दी घर लौट गई थी। शहर कोतवाल भगवान लाल ने बताया कि छात्रा और उसका भाई गांव से डूंगरपुर के स्कुल में पढ़ने आते थे। स्कूल के बाद शहर के घर में शाम तक रहते थे। वही शुक्रवार को छात्रा पेट में दर्द होने से वह स्कूल से घर जल्दी आ गई थी।

**भाई घर पहुंचा तो गेट बंद मिलनें पर लगी भनक :** थानाधिकारी ने बताया कि जब उसका छोटा भाई स्कूल से घर आया तो गेट अंदर से बंद था और दरवाजा खटखटाने के बाद भी छात्रा ने दरवाजा नहीं खोला। जिस पर भाई ने पड़ोसियों को बताया। जब पड़ोसी छत के रास्ते देखने उतरे तो छत से घर में जाने वाला गेट खुला था। पड़ोसी ने अंदर जाकर देखा तो घर में छात्रा का शव फंदे से लटका हुआ था। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस और परिजन पहुंचे।

# निजी विद्यालयों के संस्था प्रधानों की बैठक संपन्न

**डूंगरपुर(पुकार)।** परीक्षा पर चर्चा एवं अपार आईडी संबंधित कार्यो को सुचारू रूप से संपादित करने को लेकर शुक्रवार को शहर के श्री भोगीलाल पंड्या विद्यालय में ब्लॉक के समस्त निजी विद्यालयों के संस्था प्रधानों की बैठक आयोजित की गई। बैठक एसीबीईओ विमल साद की अध्यक्षता एवं संदर्भ व्यक्ति रीतेश जोशी के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए साद ने बताया कि कक्षा 6 से 12 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को 14 जनवरी से पूर्व परीक्षा पे चर्चा में रजिस्ट्रेशन किया जाना है। निजी विद्यालय संघ के अध्यक्ष प्रियकांत चौबीसा ने समस्त विद्यालयों के द्वारा अपार आई डी संबंधी कार्य शीघ्र ही संपन्न करने का आह्वान किया। संस्थान के निदेशक एवं समाज सेवी पृथ्वीराज जैन ने कहां कि निजी विद्यालयों द्वारा सरकारी योजनाओं को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग किया जाना है। प्रधानाचार्य मोहनसिंह बारोड़ ने कहां कि बालकों को विद्यालयों में आधुनिक तरीकों एवं डिजिटल उपकरणों की सहायता से भी अध्ययन कराना चाहिए ताकि छात्र नवीन शिक्षा प्रणाली से अवगत रहेंगे और इनके सर्वांगीण विकास की दिशा में यह एक प्रभावी कदम रहेगा। इस अवसर पर उपेंद्र उपाध्याय, जावेद अख्तर एवं खुशवंत भावसार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संगीता भट्ट ने किया।



डूंगरपुर। श्री भोगीलाल पंड्या विद्यालय में ब्लॉक के समस्त निजी विद्यालयों के संस्था प्रधानों की बैठक में उपस्थित संस्था प्रधान। फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

# मेडिकल कॉलेज के यूटीबी कर्मियों ने किया प्रदर्शन

## ●संविदा सेवा नियम में शामिल करने की मांग, कलेक्ट्रेट तक निकाली रैली

**डूंगरपुर(पुकार)।** राजकीय मेडिकल कॉलेज डूंगरपुर में कार्यरत यूटीबी कर्मचारियो द्वारा शुक्रवार प्रातः 9 बजे से श्रीहरिदेव जोशी सामान्य चिकित्सालय से कार्यालय जिला कलेक्टर डूंगरपुर तक मौन रैली निकाली गई जिसमे 37 पुरूष एवं महिला कर्मचारियों ने पैदल रैली निकाल कर जिला कलक्टर कार्यालय पहुंच कर जिला कलक्टर को चिकित्सा मंत्री गजेन्द्रसिंह खींवसर के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि कर्मचारियों फ्रंट लाईन वर्करों ने कोरोना महामारी में सरकार की समस्त स्वास्थ्यकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु मरीजों की भयावय स्थिति में भी अपनी जान की परवाह किये बिना पूर्ण निष्ठा से सेवाये दी। उस भीषण महामारी में भी हम सरकार के साथ डटें रहें। पूर्व राजस्थान सरकार द्वारा असथाई कर्मचारियो को स्थाई करने के लिए राजस्थान कान्ट्रेक्टचुअल हायरिंग-टू-सिविल पोस्ट नियम 2022 लाये गये,परन्तु आज तक राजस्थान मेडिकल एज्युकेशन सोसायटी चुरू राजमेस, उपक्रम राजस्थान सरकार द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेजों डूंगरपुर, बाड़मेर,भरतपुर,भीलवाड़ा, चूरू, पाली, सीकर मे विगत वर्ष 2018 से आवश्यक अस्थाई आधार यूटीबी पर नियुक्त नियमित पदों के विरूद्ध लोक विज्ञप्ति के माध्यम से वित्त विभाग राजस्थान सरकार एवं राजमेस द्वारा अनुमोदित पदों पर नर्सिंग पदों के अलावा भी से वंचित रखा गया। समस्त महाविद्यालयों में लगे यूटीबी कर्मचारियों की मांग है कि सरकार हमें राजस्थान कान्ट्रेक्टचुअल हायरिंग-टू-सिविल पोस्ट नियम-2022 की शामिल करवाकर आरएएस 1/3 नियम से रकुटनी करवाकर नियमितीकरण की प्रक्रिया अतिशिध्र अपनाये। यदि सरकार हमारी मांगों पर कोई निर्णय नहीं लेती है तो अखिल राजस्थान मेडिकल कॉलेज यूटीबी कार्मिक संघ द्वारा राज्य स्तर पर विरोध एवं धरना प्रदर्शन किया जायेंगा।



डूंगरपुर। मेडिकल कॉलेज के यूटीबी कर्मियों द्वारा कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन करते, जिला कलक्टर को ज्ञापन सौपते। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

# शिक्षक संघ 12 जनवरी से 23 जनवरी तक मनाएगा कर्तव्य बोध पखवाड़ा

## राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की तैयारी बैठक संपन्न

**आसपुर(पुकार)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा.आसपुर की तैयारी बैठक जीवनलाल दायमा की अध्यक्षता जिला सभाध्यक्ष भारतसिंह राणावत पूर्व उपशाखा अध्यक्ष लालसिंह अहाडा और विनोद भट्ट के आतिथ्य में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आसपुर पर संपन्न हुई। संभाग मीडिया प्रभारी देवानंद उपाध्याय व उपशाखा मंत्री प्रेम सिंह सिसोदिया ने बताया कि बैठक में 12 जनवरी से 23 जनवरी तक आयोजित होने वाले कर्तव्यबोध पखवाड़ा मनाने हेतु स्वामी विवेकानंद और सुभाषचंद्र बोस के जीवन और कृतित्व से प्रेरणा लेकर सामुदायिक प्रबोधन हेतु एक संगोष्टी एसड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम व विविध सामाजिक सरोकार के कार्यक्रम आयोजित करने हेतु विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई। आगामी 17 और 18 जनवरी को राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन चित्तौड़ जिले के सांवलियाजी में आयोजित होगा जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निंबारामए राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानीए शिक्षा मंत्री मदन दिलावरए सहकारिता मंत्री गौतम दकए चित्तौड़ सांसद चंद्रप्रकाश जोशीए राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर प्रदेश संगठन मंत्री घनश्याम प्रकाशचंद्र सोढानी तथा प्रदेश अध्यक्ष रमेशचंद्र पुष्करणा आदि अतिथियों का पाथेय प्राप्त होगा। संगठन के जिला कोषाध्यक्ष सुदर्शन सिंह चौहान उज्जवल सिंह शक्तावत तथा महेंद्र सिंह चौहान आदि पदाधिकारी ने अधिक से अधिक शिक्षकों से प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन में भाग लेने का आह्वान किया । बैठक में विभिन्न शिक्षक समस्याओं का संकलन कर समाधान हेतु संगठन की ओर से उचित एवं त्वरित प्रयास करने का निर्णय किया गया। बैठक के बाद शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आसपुर नारायणलाल जागेटिया से शिष्टाचार भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी तेजसिंह चुंडावत, प्रवीण भूपतावत, रविंद्र कोठारी, राजकुमार पंचोरी, गजेंद्रसिंह सिसोदिया, धर्मेंद्र चौबीसा, अश्विन चौबीसा, गोविंद सिंह, हिम्मतसिंह, सोमालाल कोटेड, प्रकाश मीणा आदि उपस्थित रहे।



आसपुर। नवीन सीबीईओ आसपुर से शिष्टाचार भेंट कर स्वागत अभिनन्दन करते शिक्षक। फोटोंः धवल सुरेश साद

# बिछीवाड़ा पुलिस की कार्यवाही: डेढ़ किलों सोना और 22.49 लाख नकदी पकड़ी

## ●उदयपुर से बस में आए 3 व्यक्ति बॉर्डर पर उतरकर पैदल जा रहे थे गुजरात

**डूंगरपुर(पुकार)।** राजस्थान-गुजरात बॉर्डर पर पुलिस ने डेढ़ किलो सोना और साढ़े 22 लाख नकदी के साथ 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। तीनों बॉर्डर से पहले एक निजी बस से उतरे और पैदल बॉर्डर क्रॉस कर रहे थे। फिलहाल पुलिस युवकों से सोना और नकदी को लेकर पूछताछ कर रही है। मामला डूंगरपुर जिले के रतनपुर बॉर्डर का है।

बिछीवाड़ा थानाधिकारी ने बताया कि गुरुवार देर रात को मुखबीर से सूचना मिली कि एक ट्रैवल्स बस के जरिए 3 युवक अवैध रूप से सोना और नकदी लेकर जा रहे हैं। इस पर पुलिस ने रतनपुर बॉर्डर पर नाकाबंदी की। इस दौरान एक ट्रैवल्स बस से 3 युवक उतरकर पैदल जाने लगे। युवकों के पास एक थैला था। पुलिस ने तीनों युवकों की हरकतें संदिग्ध लगने पर रुकवाकर पूछताछ की। इस पर वे घबरा गए। पुलिस ने उनकी तलाशी ली। इस दौरान भारी मात्रा में सोना और ज्वेलरी के साथ नकदी मिला।



डूंगरपुर। बिछीवाडा पुलिस की गिरफ़्त में तीनों आरोपी। फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

**सोना और नकदी को लेकर नहीं दे पाए जवाबः-** थानाधिकारी ने बताया कि तीनों सोना और नकदी के बारे में कोई सही सवाब नहीं दे पाए। इस पर पुलिस ने सोने और नकदी जब्त कर गिनती करवाई। करीब 1 किलो 478 ग्राम सोना और ज्वेलरी मिली है। जिसकी कीमत करीब 1 करोड़ 30 लाख रुपए बताई जा रही है। वहीं 22 लाख 49 हजार 817 रुपए का नकद भी मिला है।

**तीनों के पास नहीं मिले डॉक्युमेंटः-** थानाधिकारी ने बताया कि बॉर्डर पर 3 युवकों से मिले सोना और ज्वेलरी के साथ नकदी को किसी ज्वेलर्स कारोबारी से जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस ने ज्वेलरी और कैश को लेकर डॉक्युमेंट मांगे, लेकिन तीनों के पास कोई डॉक्युमेंट नहीं मिले। पूरे मामले की जांच के बाद ही आगे का पता लग सकेगा।

**सिरोही के रहने वाले हैं तीनोंः-** थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस ने सिरोही निवासी चंदूलाल पुत्र जैसा सैन, तेजराम पुत्र बाबाजी देवासी और अशोक पुत्र होबाराम मेघवाल को गिरफ्तार कर लिया है। उनसे नकदी और सोने के बारे में पूछताछ की जा रही है। तीनों उदयपुर से बस से आए थे और बॉर्डर से पहले उतरकर पैदल गुजरात के लिए जा रहे थे।

# प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराड़ी का दौरा

## ▪ करावाडा व हड़मतिया पंचायत के नवीन भवनों का किया लोकार्पण,
## ▪ भ्रष्ट नेताओं को सबक सिखाओ जिससे अधिकारी भी सबक लेंगे- खराड़ी

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** डूंगरपुर जिले के प्रभारी मन्त्री बाबूलाल खराडी शुक्रवार को डूंगरपुर जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहे। अपने दौरे के दौरान प्रभारी मंत्री खराडी ने चौरासी विधानसभा क्षेत्र में करावाडा व हडमतिया पंचायत के नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण किया। इस मौके पर प्रभारी मंत्री ने लोकार्पण समारोहों को संबोधित करते हुए सरकार की उपलब्धियो को गिनाया ।



डूंगरपुर। करावाड़ा एवं हड़मतिया ग्राम पंचायत भवन के लोकार्पण करते टीएडी मंत्री खराडी सहित अन्य। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

डूंगरपुर पहुँचने पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने प्रभारी मंत्री खराडी का स्वागत किया। इधर अपने दौरे के दौरान प्रभारी मंत्री खराडी ने करावाडा व हडमतिया पंचायत के नवीन भवनों का लोकार्पण किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश पाटीदार, जिला प्रमुख सूर्या अहारी, सीमलवाड़ा प्रधान कारी लाल ननोमा, जिला महामंत्री नानूराम परमार, पूर्व जिला महामंत्री दीन दयाल सिंह चौहान, पंचायती राज प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजेश पाटीदार सहित अन्य भाजपा नेता व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इधर इस मौके पर प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराडी ने लोकार्पण समारोह को संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री ने कहा की भाजपा सरकार ने आदिवासियों के हितो के लिये काम करती आई है। टीएसपी क्षेत्र में आदिवासी वर्ग को नौकरियों में 45 फीसदी आरक्षण देने का काम भी भाजपा सरकार ने ही किया है। उन्होंने कहा की हमारी सरकार आदिवासी व इस क्षेत्र में विकास में कोई कमी नहीं रखेगी। वही इस मौके पर उन्होंने बिना नाम लिए भारत आदिवासी पार्टी पर निशाना साधा और कहा की ये लोग आदिवासी समाज के नाम पर अपनी राजनैतिक रोटिया सेकने का काम रहे है। ये आदिवासियों को आपस में बाटने का काम कर रहे है इन लोगो से सतर्क रहने की आवश्यकता है ।

कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि भ्रष्ट नेता को सबक सिखाओ तो अधिकारी भी सुधर जायेंगे। उन्होंने कहा कि स्वयं ने पांच बार विधायक का चुनाव लड़ा, चार बार जीते ओर एक बार प्रधान भी रहे। लेकिन आज तक पक्का मकान नहीं बना सके वहीं पहली बार बने विधायकों ने अपने पद पर काबिज रहकर करोंडों रूपयें के बंगले बना भी बना लियें।

उन्होने कहा कि आदिवासी जन्मों जन्म से हिन्दू है और सनातन संस्कृति को मानता आया है। अब ये समाज के ठेकेदार बता रहे हैं कि आदिवासी हिंदू नहीं है। कांग्रेस ने आजादी से 70 सालों तक देश में राज किया लेकिन गरीबी को नहीं मिटा सके है। क्षेत्र में मोदी को रोकने के चक्कर में खुद मिट गए है। कैबिनेट मंत्री ने उज्जवला गैस योजना,किसान निधिए स्वच्छ भारत मिशन, पीएम आवास योजना, जन धन खाता सहित का उल्लेख करते हुए कहा कि पीएम की दिनरात देश को विकसित देश की श्रेणी में लाने कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हरा दिया लेकिन आगामी पंचायतीराज चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को वोट देकर कड़ी से कड़ी मिलेगी तो विकास अवरुद्ध नहीं होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों को दिलाई शपथ, नशे से नुकसान और बचाव की दी जानकारी




**उदयपुर (पुकार)।** बाल अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में उदयपुर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विशिष्ट विद्यालय में चाइल्ड हैल्पलाइन को लेकर शिक्षा-जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। बाल अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक श्रीमती अरूषि जैन के निर्देशन में चाइल्ड हैल्पलाइन टीम ने बालिकाओं से वार्तालाप करते हुए उन्हें गुडटच-बेडटच, नशामुक्ति, बालश्रम तथा चाइल्ड हैल्पलाइन नंबर 1098 आदि के बारे में अवगत कराया। चाइल्ड हैल्पलाइन समन्वयक नवनीत औदिच्य ने बताया कि कार्यशाला में नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। साथ ही शिक्षा तथा बाल अधिकारों से जुड़ी सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। बाल अधिकारिता विभाग से जिला बाल संरक्षण अधिकारी राजकुमार जीनगर, चाइल्ड हैल्पलाइन से मोहन लौहार, मोईन मंसूरी, मोहन गायरी, निर्मला लौहार, भाग्यवंती, प्रेमशंकर आदि भी उपस्थित रहे।

### कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने टीमें रवाना



**उदयपुर (पुकार)।** कोटा में 11 से 15 जनवरी तक आयोजित होने वाली 34 वीं राजस्थान राज्य सब जूनियर बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली उदयपुर टीम की घोषणा की। जिला कबड्डी संघ उदयपुर के सचिव मुकेश जैन ने बताया कि बालक वर्ग का नेतृत्व हिमेश गुर्जर करेंगे। वहीं बालिका वर्ग का नेतृत्व लक्षिता मेहता करेगी। बालक वर्ग में हिमेश गुर्जर (कप्तान) , नवीन मेनारिया , कैलाश डांगी , जगदीश डांगी , कौशल डांगी , कृष नागदा , मोहम्मद इमरान सिंधी , अरमान मोहम्मद , असिन मोहम्मद , युवराज सिंह राठौड़ , निखिल डांगी , ईशान मोहम्मद सिंधी, टीम मैनेजर श्यामसुंदर शर्मा एवं टीम के कोच मुंशी मोहम्मद होंगे। बालिका वर्ग में लक्षिता मेहता (कप्तान), चंदा कुमारी डांगी, गुनगुन जाट, वंदना गाडरी, हेमलता गाडरी, फिना भील , जागृति सेन , कविता पटेल , मुस्कान मेहता, मुस्कान कँवर पंवार व टीम कोच सीमा जाट एवं टीम मैनेजर सत्यनारायण सिंह गहलोत होंगे। उदयपुर टीम को शुक्रवार को जिला ओलंपिक संघ उदयपुर के अध्यक्ष विनोद साहू एवं सचिव जलामचंद जैन ने बधाई देते हुए रेलवे स्टेशन से कोटा के लिये रवाना किया।

### सोजतिया चेरिटेबल ट्रस्ट ने बांटे स्वेटर



**उदयपुर (पुकार)।** सोजतिया चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आज बड़ी स्थित राजकीय विद्यालय में सर्दी से बचाव हेतु स्वेटर प्रदान किये गये। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से भामाशाह सोजतिया चेरिटेबल ट्रस्ट उदयपुर के संस्थापक प्रो. रणजीत सिंह सोजतिया का विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुमन जैन एवं उपाचार्य श्रीमती नलिनी झाला द्वारा उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

### आयुर्वेद महाविद्यालय में हुआ कैंसर पर व्याख्यान



**उदयपुर (पुकार)।** मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय उदयपुर के सुश्रुत सभागार में शुक्रवार को कैंसर विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. महेश दीक्षित ने व्याख्यान के मुख्य वक्ता अकोला महाराष्ट्र से पधारे डॉ . नितिन घुगे का मेवाडी पगडी एवं उपरणा पहना कर स्वागत सत्कार किया गया।

डॉ नितिन घुगे ने उदयपुर महाविद्यालय के कायचिकित्सा विभाग से सन 2003 में एमडी डिग्री प्राप्त की है। डॉ घुगे अभी अकोला महाराष्ट्र में कैंसर रोग पर चिकित्सा कार्य कर रहे हैं। इन्होंने अपने व्याख्यान में अपनी कैंसर चिकित्सा यात्रा के अनुभव साझा करते हुए बताया कि 2011 में मेरी माँ को कैंसर होने पर उनकी चिकित्सा के लिए भारत के बडे- बडे कैंसर चिकित्सा संस्थानों में दिखाने पर निराश ही हाथ लगी ।

तब उन्होंने स्वयं आयुर्वेद के माध्यम से चिकित्सा करने का निर्णय किया । और आयुर्वेद औषधियो से उनकी चिकित्सा शुरू की । धीरे धीरे उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ । जहाँ कैंसर विशेषज्ञों ने उनके जीवन के सिर्फ 3 माह ही शेष बताये थे। पर जब इन्होंने उनको आयुर्वेद चिकित्सा निस्तर जारी रखी तो उनका जीवन 8 वर्ष से अधिक समय तक रहा।

महाविद्यालय मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विष्णु कुमार मित्तल ने बताया कि डॉ नितिन अब तक देश - विदेश के लगभग 7000 कैंसर रोगियो का उपचार कर चुके हैं। ये आयुर्वेद चिकित्सा द्वारा कैंसर रोगियों के जीवन स्तर को सुधारना , उनकी तकलीफ को कम करना , उनकी आयु को बढ़ाने के साथ कैंसर बढ़ने की गति को रोककर उनको नया जीवन प्रदान करना रहा है।

### विप्र सैना के प्रदेश महामंत्री का किया स्वागत



**उदयपुर (पुकार)।** विप्र सैना के जिलाध्यक्ष प्रदीप श्रीमाली ने बताया कि शहर में विप्र सैना के प्रदेश महामंत्री गोविंद दीक्षित का जन्मदिन भव्यता से मनाया गया। शहर मे विभिन्न जगह स्वागत अभिनन्दन के साथ अमरखजी महादेव मंदिर मे भव्य स्वागत किया गया। गोविद दीक्षित ने कहा कि विप्र सैना शहर सतत समाजिक सनातन संस्कृति के कार्य को करती रहेगी और शहर ब्राह्मण समाज के लिए हर वक्त विप्र सैनिक तैयार रहेगे।

इस दौरान विप्र सैना के स्वागत में सम्भाग उपाध्यक्ष अम्बालाल नागदा, राजेश भट्ट, महिला जिलाध्यक्ष सुरभि मेनारिया धींग, प्रभारी सुरेश मेनारिया, चेतन शाकदीपिय नेमीचंद आचार्य ललित पानेरी, राकेश मेनारिया चेतन शर्मा, आदित्यार्क महोत्सव के सह सयोंजक ललित सैन आदि उपस्थित रहे।

## लघु उद्योग भारती का 11वां इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर-2025 शुरू

# लघु उद्योगों की तपस्या से निकला अमृत देश को बनाएगा नंबर वन : प्रकाश चंद्र

### चार डोम में 200 से अधिक लघु उद्यमी पहुंचे

### उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने अवलोकन के साथ युवा उद्यमियों से की चर्चा





**उदयपुर (पुकार)।** लघु उद्योग भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में लघु उद्योगों का महत्वपूर्ण योगदान होगा। लघु उद्योगों की तपस्या से निकला अमृत भारत को विश्व में नंबर वन बनाएगा। उन्होंने संगठन मंत्र ' संगच्छध्वं संवदध्वं, सं वो मनांसि जानताम, देवा भागं यथा पूर्वे, सञ्जानाना उपासते' को दोहराते हुए आह्वान किया कि इस लक्ष्य के संधान के लिए लघु उद्योग भारती के हर कार्यकर्ता को दुगुने उत्साह से आगे बढ़ना होगा और हर छोटे से छोटे उद्यम को साथ जोड़कर उनके भी उत्थान में सहभागी बनना होगा। वे शुक्रवार को उदयपुर में 11वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर - 2025 के उद्घाटन समारोह को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। दिल्ली पब्लिक स्कूल के मैदान में शुरू हुए इस चार दिवसीय आईआईएफ-2025 उद्योग मेले को उन्होंने उदयपुर के उद्योगों की परस्पर सहकार भावना का मूर्तरूप बताया। उन्होंने कहा कि भारत प्राचीनकाल से ही विश्व की अर्थव्यवस्था में 35 से 40 प्रतिशत योगदान रखता था। मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में भारत के उत्कृष्ट उत्पादों का बोलबाला था। दुनिया भारत से सीखने आती थी। तब सभी एक-दूसरे का हाथ पकड़ कर उसे मजबूत बनाते थे। इस बीच, कुछ ऐसा कालखण्ड आया जब आपसी ईर्ष्या-द्वेष बढ़ा और हमने एक-दूसरे की चिंता छोड़ दी। इसका फायदा बाहरी लुटेरों ने उठाया और लूटते-लूटते वे लोग देश के मालिक बन बैठे। किन्तु, आज हम फिर से खड़े हो रहे हैं। लेकिन, इसे और गतिशील करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि बाहरी दखल ने हमारे संस्कारों और शिक्षा पद्धति में भी घुसपैठ की और हमें सामूहिकता से व्यक्तिवादिता की ओर धकेल दिया। आज सभी मैं और मेरा परिवार तक सीमित हो चले हैं। यह भारतीय सनातन संस्कृति का मूल स्वभाव नहीं है। हमारी परम्परा 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की है। इसी मंत्र को फिर से समाज में स्थापित करते हुए एक-दूसरे को सशक्त करेंगे तो भारत स्वतः ही विश्व में सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र के रूप में स्थापित हो जाएगा। उन्होंने आईआईएफ-2025 से किशोर और युवा पीढ़ी को जोड़कर इस मेले की निरंतरता बनाए रखने का भी आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा, उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, उदयपुर शहर विधायक तारांचद जैन, लघु उद्योग भारती के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष शांतिलाल बालड़ ने भी विचार रखे।

समारोह में सिंघल फाउंडेशन के अरविंद सिंघल, मिराज ग्रुप के फाउंडर मदन पालीवाल, अनंता हॉस्पिटल के कुल सचिव डॉ. नितिन शर्मा, ईवो के कोफाउंडर सौरभ खेतान, वंडर पेंट्स के मनीष गन्ना, विकास गन्ना, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक हेमेन्द्र श्रीमाली, महानगर संघचालक गोविन्द अग्रवाल आदि गणमान्यजन सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इससे पूर्व, अतिथियों ने आईआईएफ-2025 का दीप प्रज्वलन कर तथा स्टाल्स का मौली बंधन खोलकर उद्घाटन किया। संगठन मंत्र व डीपीएस के बच्चों द्वारा विश्वकर्मा की आरती के साथ समारोह का आरंभ हुआ। लघु उद्योग भारती उदयपुर के अध्यक्ष मनोज जोशी ने आईआईएफ-2025 की कार्ययोजना के साथ मूर्तरूप साकार करने तक के सफर की जानकारी दी। मेला संयोजक तरुण दवे, सह संयोजक मुकेश सिन्हा सहित उदयपुर जिले की सभी छह इकाइयों के अध्यक्षों ने अतिथियों का स्वागत किया। लघु उद्योग भारती के चित्तौड़ प्रांत उपाध्यक्ष व मेला पालक राकेश वर्डिया ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन अवनीश व्यास, प्रणय त्रिपाठी, प्रवीण गुप्ता ने किया।

#### उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने अवलोकन के साथ युवा उद्यमियों से की चर्चा

राज्य की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी शाम को मेला स्थल पहुंचीं। उन्होंने न केवल उद्यमियों की स्टाल्स का अवलोकन किया, बल्कि उनसे चर्चा भी की। अहिल्या बाई डोम में महिला उद्यमियों की स्टाल्स देख उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की कि अब महिलाएं भी हर क्षेत्र में अपनी पहचान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने चारों डोम की एक-एक स्टाल का अवलोकन किया। उन्होंने खुद का लघु उद्योग भारती का ही सदस्य बताते हुए कहा कि इनोवेशन और स्टार्ट अप्स के सहयोग के लिए वे सदैव तत्पर हैं। इससे पहले, जिला अध्यक्ष मनोज जोशी, पूर्व महापौर रजनी डांगी, मेला संयोजक तरुण दवे, सह संयोजक मुकेश सिन्हा सहित उदयपुर की पूरी टीम ने उनका स्वागत किया।

#### 200 प्रतिशत कर सकेंगे सोलर उत्पादनः बालड़

लघु उद्योग भारती के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष शांतिलाल बालड़ ने लघु उद्योग भारती के आग्रह को मानकर टीपी हटाने के निर्णय पर सीएम भजनलाल का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि लघु उद्योग भारती ने सौर ऊर्जा के उत्पादन के क्षेत्र में भी उद्योगों को राहत देने का आग्रह करते हुए असीमित उत्पादन की नीति जारी करने का आग्रह किया था। बालड़ ने बताया कि सीएम भजनलाल ने इस बात पर सहमति जताई है कि उद्योग अपनी आवश्यकता से 200 प्रतिशत तक सोलर ऊर्जा का कैप्टिव पावर प्लांट लगा सकेंगे। अब तक सिर्फ उद्योगों को अपनी आवश्यकता अनुसार ही सौर बिजली उत्पादन की अनुमति थी। यह नीति संभवतः ग्रीन एनर्जी पॉलिसी मीटिंग या बजट में आ सकती है और इस नीति के साथ ही राजस्थान में बिजली की उपलब्धता निश्चित तौर पर बढ़ेगी।

#### नया प्लेटफार्म : विधायक

उदयपुर शहर विधायक तारांचद जैन ने कहा कि उद्योगों को इस मेले से नया प्लेटफार्म मिलेगा। ऐसे मेले लगातार लगने चाहिए। उदयपुर में यह मेला लघु उद्योगों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

#### तीन गुणा समर्पण बढ़ाना होगा : सांसद

उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने कहा कि आज जितना हम देश के विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण समय दे रहे हैं, उसे तीन गुणा बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि मेले में नारी शक्ति का अलग से पूरा अहिल्या बाई डोम देखकर गर्व की अनुभूति हुई। उद्यम के क्षेत्र में भी महिलाएं पूरी रुचि दिखा रही हैं और सफलता के झंडे गाड़ रही हैं। सांसद ने वोकल फोर लोकल का नारा देते हुए उदयपुर के इस मेले को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

#### संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं से : राष्ट्रीय अध्यक्ष

लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं से है। लघु उद्योग भारती में देश भर में महिलाओं की भी 50 इकाइयां हैं जिनमें 5 हजार महिला कार्यकर्ता जुड़ी हैं। उन्होंने राइजिंग राजस्थान में लघु उद्योग भारती की सहभागिता का जि करते हुए कहा कि आने वाले समय में एमएसएमई से ही राज्य और देश की अर्थव्यवस्था का दायरा बढ़ेगा।

#### चार डोम, 200 से अधिक लघु उद्यम प्रतिभागी

मेला संयोजक तरुण दवे ने बताया कि मेले में चार बनाए गए डोम हैं। हर डोम का नाम भारतीय महापुरुष पर रखा गया है। इनमें पहला डोम महाराणा प्रताप, दूसरा डोम भगवान विश्वकर्मा, तीसरा भामाशाह और चौथा अहिल्या बाई के नाम पर है। चार डोम व उनके बाहर खुले मैदान में डेमो लेकर आई कम्पनियों सहित 200 से अधिक प्रतिभागी यहां अपने उत्पादों और कार्य को प्रदर्शित कर रहे हैं। इनमें मैन्यूफैक्चरिंग, सर्विस सेक्टर, हॉर्टिकल्चर, फूड प्रोसेसिंग सहित कई सेगमेंट शामिल हैं।

#### कैलेंडर का विमोचन

समारोह में अतिथियों ने लघु उद्योग भारती के तहत साल भर में किए जाने वाले आयोजनों को जोड़ते हुए एक कैलेंडर का भी विमोचन किया।

#### टोली जो संभाल रही है विभिन्न व्यवस्थाएं

चार दिवसीय आईआईएफ-2025 की विभिन्न व्यवस्थाओं को संभालने में कई कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। मेला संयोजक तरुण दवे और सह संयोजक मुकेश सिन्हा के नेतृत्व में कंट्रोल रूम पर उमाप्रताप सिंह, अभिमन्यु सिंह, भोजन व्यवस्था में ब्रजमोहन भाटी, बाबूसिंह राजपुरोहित, आदर्श गंगवाल, डोम प्रबंधन में राजेन्द्र सुराणा, पवन कोठारी, वैन्यू प्रबंधन में अभिजीत शर्मा, कमलेश शर्मा, वित्त प्रबंधन में प्रिंस चौबीसा, हेमंत जैन, महेन्द्र मांडावत, यशवंत मंडावरा और प्रचार-प्रसार में महेन्द्र सिंह चौहान, यशवर्धन खण्डेलवाल जुटे हुए हैं।

#### प्रदर्शनी में उमड़ी भीड़

प्रदर्शनी में पहले ही दिन शहरवासियों की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही लोगों की रेलमपेल रही। शाम को संख्या में इजाफा हुआ। युवाओं का रुझान खासा नजर आया। युवाओं का आकर्षण नई तकनीकों वाली स्टाल्स पर ज्यादा नजर आया। महिलाओं को समर्पित डोम में हाथ से बनाई हुई वस्तुओं का क्रेज नजर आया।

# झीलों की नगरी में केंद्रीय महिला एवं स्वास्थ्य मंत्रालय का चिंतन शिविर का आगाज़

### देशभर से पहुंचे मंत्रीगण, सचिव व अन्य गणमान्य अतिथि

### अतिथियों का मेवाड़ी परंपरा से हुआ स्वागत-सत्कार

### महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी करेंगी कार्यक्रम का उद्घाटन

### शनिवार को होगा शुभारंभ समारोह, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी करेंगे शिरकत



**उदयपुर (पुकार)।** महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास एवं कल्याण से जुड़ी चुनौतियों और उनके समाधान को लेकर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय चिन्तन शिविर का आगाज़ शुक्रवार को हुआ।

विश्व प्रसिद्ध फतहसागर झील के किनारे स्थित होटल रेडिसन ब्लू पैलेस में आयोजित इस चिन्तन शिविर में भाग लेने हेतु देशभर से मंत्रीगण, सचिव व गणमान्य अतिथि का आगमन देर शाम तक जारी रहा। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, महिला एवं बाल विकास केन्द्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर व राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार, सचिव महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार अनिल मलिक सहित अन्य गणमान्य अतिथि कार्यक्रम स्थल पहुंचे, जहां महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव महेन्द्र सोनी सहित अन्य अधिकारियों ने मेवाड़ी पाग व उपरना पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया।

महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने बताया कि शुक्रवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अतिथियों व डेलीगेट्स का रजिस्ट्रेशन किया गया। अगले दिन शनिवार 11 जनवरी को सुबह 9.30 बजे शुभारंभ समारोह होगा। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के महिला एवं बाल विकास विभागों के मंत्री भी शामिल होंगे। साथ ही मंत्रालय की प्रमुख पहलों के माध्यम से महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करेंगी। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, वर्तमान में जारी पहलों पर अद्यतन जानकारी साझा करेंगी।

कार्यक्रम में मंत्रालय की प्रमुख पहलों पर ध्यान केंद्रित करने वाले कई महत्वपूर्ण सत्रों में मिशन वात्सल्य, मिशन शक्ति और मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 शामिल हैं। इन सत्रों का उद्देश्य महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान निकालना और भारत में महिलाओं के कल्याण और बच्चों के विकास को मजबूत बनाने के लिए भविष्य का मार्ग प्रशस्त करना है।

#### सर्वोत्तम नवाचार करेंगे साझा

शिविर के दौरान महिलाओं और बच्चों के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से की गई सफल पहलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ओर से सर्वोत्तम नवाचार एवं अभ्यासों का प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा। साथ ही लाभार्थियों को बेहतर तरीके से सेवाएं प्रदान करने के लिए इन प्रथाओं को और अधिक जिलों में कैसे बढ़ाया जाए, इस पर चर्चा की जाएगी।

#### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी पहुंचीं उदयपुर

प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी तीन दिवसीय प्रवास पर शुक्रवार शाम उदयपुर पहुंची। वे यहां महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार की ओर से आयोजित चिन्तन शिविर में भाग ले रही हैं।

उप मुख्यमंत्री शुक्रवार शाम करीब 5 बजे डबोक एयरपोर्ट पहुंची। वहां अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने उनकी अगवानी की। इसके पश्चात वे सड़क मार्ग से डीपीएस ग्राउण्ड पहुंची। वहां उन्होंने लघु उद्योग भारती उदयपुर की ओर से आयोजित 11वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर का अवलोकन किया। उप मुख्यमंत्री देर शाम फतहसागर झील के किनारे स्थित होटल रेडिसन ब्ल्यू पैलेस पहुंची। वहां महिला एवं बाल विकास विभाग की राज्यमंत्री श्रीमती मंजू बाघमार, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव महेंद्र सोनी, निदेशक ओपी बुनकर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने यहां पर शनिवार को होने वाले आयोजन की तैयारियों और इस आयोजन के लिए पहुंचीं केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की मंत्रियों और अन्य अतिथियों के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली।

**देश भर से ये मंत्री-अधिकारीगण कर रहे शिरकत :** चिन्तन शिविर में देश के विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से मंत्रीगण और वरिष्ठ अधिकारीगण भाग ले रहे हैं। इसमें केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णादेवी,राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव अनिल मलिक, अतिरिक्त सचिव ज्ञानेश भारती, अतिरिक्त सचिव एवं तकनीकी सलाहकार नीतिश्वर कुमार, अतिरिक्त सचिव तृप्ति गुर्हा, सदस्य सचिव मीनाक्षी नेगी, आंधप्रदेश की महिला एवं बाल कल्याण मंत्री श्रीमती जी संध्या रानी, अरूणाचल प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती दसांग्लू पुल, असम की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अजंता नेओग, छत्तीसगढ़ की मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, हरियाणा की मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी, जम्मू कश्मीर की मंत्री सकीना मसूद, कर्नाटक की मंत्री श्रीमती लक्ष्मी आर हेब्बालकर, मध्यप्रदेश की मंत्री श्रीमती निर्मला भूरिया, मिजोरम की मंत्री पीएल लालरिन्पुई, ओड़िशा की उपमुख्यमंत्री श्रीमती पार्वती परिदा, पंजाब की मंत्री डॉ बलजीत कौर, सिक्कम के मंत्री समदुप लेप्चा, तेलंगाना के मंत्री डॉ डी अनुसूया सीथाक्का तथा उत्तरप्रदेश की मंत्री बेबी रानी मौर्य भाग ले रहीं हैं।

### उप मुख्यमंत्री ने की केंद्रीय मंत्री से मुलाकात

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर प्रवास पर पहुंचीं राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार देर शाम केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी से होटल रेडिसन ब्लू पैलेस में मुलाकात की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री का राज्य सरकार की ओर से स्वागत किया। साथ ही चिन्तन शिविर के एजेण्डे एवं महिला एवं बाल विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से महिलाओं व बच्चों के समेकित विकास को लेकर संचालित योजनाओं से भी केन्द्रीय मंत्री को अवगत कराया।

### मुख्यमंत्री आज उदयपुर में

**उदयपुर (पुकार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार 11 जनवरी को उदयपुर दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री शर्मा शनिवार की सुबह 9.35 बजे विशेष विमान से डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वे यहां से सड़क मार्ग से 10 बजे होटल रेडिसन ब्लू पैलेस आएंगे और यहां केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित चिंतन शिविर में शिरकत करेंगे। वे सुबह 10.30 बजे यहां से पुनः प्रस्थान कर 10.50 बजे डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे और 10.55 बजे विशेष विमान से जयपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

### डांगी पटेल समाज की प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर विधायक ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

#### आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों शोरों पर



**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर में 13 और 14 जनवरी को कानपुर खेड़ा में डांगी समाज की 37वीं वालीबाल एवं कबड्डी खेलकूद प्रतियोगिता में 14 जनवरी को समापन समारोह में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कार्यक्रम में शिरकत करेंगे । कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए डांगी समाज के खेल संघ के पदाधिकारी और युवाओं द्वारा जोरों शोरों से तैयारी भी की जा रही है। भव्य पंडाल बनाया जा रहा है उसके साथ ही खेल मैदान भी तैयार किया जा रहा हैं। खेल संघ के अध्यक्ष और विधायक उदयलाल डांगी ने शुक्रवार को खेल मैदान पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया । साथ ही विभिन्न गांव के जनप्रतिनिधियों के बैठक भी आयोजित हुई । इस दौरान डांगी ने कहा कि यह पहला अवसर है जब डांगी समाज के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शर्मा आ रहे हैं और ऐसे में कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए तैयारी भी जोर-शोरों से हो रही है। आयोजन समिति के सदस्य गेहरी लाल डांगी एवं डांगी सेवा संस्थान के खेल सचिव रमेश डांगी ने बताया कि मुख्यमंत्री की सभा को लेकर डांगी समाज में सलूंबर, वल्लभनगर, प्रतापगढ़ बांसवाड़ा , डूंगरपुर सहित कई जिलों से हजारों लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान गिर्वा चौखला के गोपाल पटेल, उपाध्यक्ष केशु लाल डांगी, जिला परिषद सदस्य दुदाराम डांगी, शंकर पटेल, रमेश डांगी, किशन डांगी अनिल डांगी, गणेश लाल रामलाल डांगी, दिनेश डांगी, प्रकाश डांगी, भगवती लाल डांगी वार्ड पंच रमेश पटेल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.